हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 2 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

12 शीतला सब्जी मंडी का किया जा रहा उन्नयन कार्य



12 महापौर-आयुक्त ने देखीं वार्डों की सफाई व्यवस्था





# एक करोड़ के हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण का फिर से टेंडर , दोषियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम एक करोड़ रुपए की लागत से हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण विवादों में उलझ गया है। इस टेंडर को किसी विशेष व्यक्ति को देने के लिए नियम भी अपने हिसाब से बना लिए। टेंडर भी उस व्यक्ति विशेष को दे दिया गया। बाद में इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई तो पुनः टेंडर निकाला गया। इस मामले में जो अधिकारी दोषी रहे उन पर आज तक कार्रवाई नहीं की गई।

### टेंडर में इसलिए गड़बड़ी, जनिए...

#### अधिकारी के हस्ताक्षर तक नहीं

नेहरूनगर जोन द्वारा प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण करने के लिए ग्लोबल टेंडर बुलाई गई। निविदा क्रमांक 1656734 दिनांक 7 मार्च 2025 को टेंडर निकाला गया। इस टेंडर में नही किसी अधिकारी के नाम था और न ही हस्ताक्षर। इसके बिना टेंडर कैसे निकाली जा सकती है।

#### अनुभव प्रमाण पत्र की भी जांच नहीं की गई

हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई तो इसमें यह नियम जोड़ा गया कि ट्रैक निर्माण का एक्सपीरियेंस सर्टिफिकेट एजेंसी के पास होना चाहिए। इसके अभाव में निविदा नहीं खोली जा सकेगी। पांच एजेसिंयों ने निविदा भरी। जिसमें तीन ने अनुभव प्रमाण पत्र नहीं दिया। दो ने अनुभव प्रमाण पत्र दिए लेकिन वे निजी संस्थान के थे। इसकी जांच तक नहीं करवाई गई।

### इस मामले की शिकायत कलेक्टर अभिजीत सिंह से भी की जा चुकी




#### फोन रिसीव नहीं

हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण टेंडर प्रक्रिया के संबंध में जोन-1 के ई अखिलेश चंद्राकर से 77239-36696 पर कई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

#### शिकायत के बाद टेंडर निरस्त, लेकिन कार्रवाई शून्य, चहेते को काम देने की तैयारी

कलेक्टर से पूर्व पार्षद ललित मोहन ने हॉर्स राइडिंग ट्रैक निर्माण की निविदा में गड़बड़ी की शिकायत की। कलेक्टर ने इस टेंडर को निरस्त कर फिर से निविदा आमंत्रित कर दी। लेकिन न ही मामले की जांच करवाई और न ही कोई कार्रवाई हुई। इसलिए कि ठेका एजेंसी का यदि एक्सपीरियंस सटिफिकेट यदि गलत था तो वह टेंडर क्यों खोला गया। अगर सही था तो फिर से निविदा क्यों बुलानी पड़ी। इस गड़बड़ी में संबंधित अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई है।

#### भिलाई निगम में इस तरह नियम विरुद्ध टेंडर खोला गया

निगम के जानकारों के मुताबिक टेंडर में कुल पांच निविदाकारों ने भाग लिया था। जिसमें से दो निविदाकार भिलाई के एवं तीन कुरुद छत्तीसगढ़ के थे। जोन एक नेहरू नगर के द्वारा भिलाई के ठेकेदारों का टेंडर यह बोलकर नहीं खोला गया क्यों कि उनके पास उसे कार्य का एक्सपीरियंस नहीं है । वहीं कुरूद के ठेकेदार जिन्होंने एक्सपीरियंस लेटर लगाया था ना उसमें किसी विभाग का पता था और न ही किसी जगह पर कार्य करने का। कितनी लागत का यह कार्य उन्होने किया है इसका भी उल्लेख नहीं था। उसके बाद भी टेंडर खोल दिया गया। जिसे नियम विरुद्ध बताते हुए कलेक्टर दुर्ग से शिकायत की गई।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर फोन चोरी, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** घर में घुसकर मोबाइल फोन चोरी करने वाले युवक व अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 03(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेहरु नगर निवासी जगदीश आहूजा के मकान से दो मोबाईल चोरी होने की शिकायत पुलिस में किया था। पुलिस ने जांच कर सूचना पर आरोपी नेहरु नगर सुपेला निवासी साजन दास और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी व अपचारी बालक के निशानदेही पर दो मोबाइल जब्त किया। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है।

### राशन दुकान से 40 हजार का चावल पार

**भिलाई।** राशन दुकान से अज्ञात ने 40 हजार रुपए का चॉवल पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 323 (4), 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 118 फेस 02 सुंदर विहार कालोनी कुरूद निवासी विजय कुमार साहू ने शिकायत किया है कि घासीदास नगर में स्थित नवयुग महिला स्व सहायता समूह में पत्नी रूपा देवी अध्यक्ष है। 30 मई को दुकान की सेल्समेन चांदनी जोशी रात को दुकान बंदकर घर लौट आई थी। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने पर दुकान के छत में लगा एजबेस्टर सीट टूटा पड़ा मिला। जहां से अज्ञात ने 10 क्वींटल चांवल 40 हजार रुपए का चोरी कर फरार हो गया है।

### राहगीरों से लूटपाट करने वाले धरे गए



**भिलाई।** राहगीरो से मोबाइल लूटपाट करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दलबीर भवन नंदनी रोड छावनी निवासी अमित सिंह मेहरा 5 मई की रात गोडवाना भवन के सामने से खुर्सीपार में 4 युवक पहुंचे। पीड़ित को रोक कर मोबाईल फोन, आधार कार्ड, वाहन की चाबी को लूटकर फरार हो गए। पुलिस में घटना की शिकायत करने पर आरोपियों की तलाश में जुट गई। खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पनिकर ने टीम बनाकर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरु किया। संदेहियो से पुछताछ करने पर डबरा पारा ओवर ब्रीज के पास वाहन चेकिंग के दौरान सुचना मिलने पर युवको को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम कैम्प 1 साक्षरता चौक सुपेला निवासी नोहरदास मानिकपुरी से चाबी, सिकोला भाटा दुर्ग नारायण यादव उर्फ गौरव से मोबाईल और अपचारी बालको के पास से आधार कार्ड, वाहन जप्त किया। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल व अपचारी बालको को किशोर न्यायालय भेजा गया।

### 50 साल बाद ऐसे हालात... दो साल पहले बारिश ब्रेक होने से भी हुआ था नुकसान

# मानसून 15 दिन पहले आने से किसान असमंजस में, कृषि विभाग 78 गांवों में लगाएगा कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

*मानसून के 15 दिन पहले पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वे असमंजस में है कि खेती कब शुरू करें और कौन सी धान की फसल लें। उन्हें अब तक इसे लेकर किसी भी प्रकार की सरकारी मदद नहीं मिल पाई है, उन्हें चिंता है कि अभी हुई बारिश के बाद यदि वे बोनी कर देते हैं और बारिश नहीं हुई, तो उन्हें खासा नुकसान हो सकता है। और यदि 15 जून के आसपास बोनी शुरू करते हैं और जुलाई-अगस्त में ही बारिश थम गई, तो भी उन्हें नुकसान होगा।*

बता दें कि 50 साल बाद ऐसे हालात बने हैं, जब मानसून ने सामान्य दिनों की तुलना में 15 दिन पहले ही दस्तक दी है। हरिभूमि ने इसे लेकर जिलेभर के किसानों से बात की। कृषि विशेषज्ञों और सरकारी महकमे के अफसरों से बात की। इसके बाद इस मामले को लेकर अब किसानों को सही जानकारी देने को लेकर कैम्प लगाने की तैयारी शुरू की है। 15 जून तक जिले के 72 गांवों में कृषि विभाग का अमला पहुंचेगा, किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इधर पिछले दिनों हुई बारिश के बाद किसानों का कहना है कि अगर वे बोनी करते हैं तो आने वाले दिनों में बारिश रूक गई और मानसून ब्रेक होने पर उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जिले में हर साल करीब 1.46 लाख हेक्टेयर रकबे में धान की खेती होती है। इस बार भी खरीफ की फसल को लेकर किसानों में खासा उत्साह है, लेकिन नौतपा में बारिश ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। अंजोरा के किसान सियाराम निषाद ने बताया कि इस बार वे खेतों के कचरे की सफाई नहीं कर पाए हैं। वहीं सोसाइटी से अभी बीज और खाद भी नही ले पाए हैं। इससे पहले बारिश होने से चिंतित हैं। नगपुरा के किसान पुकेश्वर साहू ने बताया कि अभी जुताई के लायक बारिश नहीं हुई है, जुताई करने पर उपरी हिस्से की मिट्टी निकल रही है। उनका कहना है कि, जुताई के लिए और बारिश की जरूरत हैं।



किसान हैं चिंतित, सही जानकारी भी नहीं मिल पा रही

#### दोबारा फसल की नौबत



मानसून के पूरी तरह से सक्रिय होने का इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि अभी अगर बोआई कर देते हैं तो बारिश बंद हो जाने से बाद में दोबारा बोनी की नौबत ना आए। ऐसे में नुकसान उठाना पड़ेगा।

**-पुकेश्वर साहू**, नगपुरा दुर्ग

#### खाद-बीज नहीं मिल रहा



बगैर खाद बीज के किसानी कैसे शुरू करें। सोसाइटी में डीएपी खाद की कमी है, बीज निगम में 1010 धान का बीज नहीं है। बारिश तो शुरू हो गई है। ऐसे में खाद बीज का इंतजार कर रहे हैं।

**-झबेंद्र भूषण वैष्णव**, बोरई

#### एक्सपर्ट व्यू: बारिश का करें इंतजार

दुर्ग ब्लाक के कृषि वैज्ञानिक नवीन खोब्रागढे ने बताया कि अभी किसानों को बोआई में हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। मानसून पूरी तरह से सक्रिय होने का इंतजार करना चाहिए। हालांकि मौसम विभाग ने इस बार पर्याप्त बारिश की संभावना व्यक्त की है। लेकिन खेती के अनुसार जमीन पूरी तरह से गीला होने पर ही बोआई करने कहा जा रहा है, ताकि मानसून ब्रेक होने पर नमी से अंकुरण हो सके। ऐसी स्थिति करीब पचास साल बाद बनी है, इसलिए मौसम की नजाकत को समझना होगा। समझना होगा कई बार ऐसी स्थिति बनती है। इसके लिए किसानों को पहले से तैयार रहने की जरूरत है। ताकि मौसम के साथ तालमेल बिठाकर अच्छी फसल ली जा सके।

#### चलेगा संकल्प अभियान

खेती किसानी से संबंधित विषयों की जानकारी देने के लिए विगत 29 में से विकसित कृषि संकल्प अभियान जिले भर में चलाया जा रहा है, जो 12 जून तक प्रत्येक विकासखंड में अफसरों की तीन टीम बनाई गई है। वे प्रतिदिन दो-दो गांव में जाकर किसानों से मुलाकात करेंगे, वहीं जिले के 78 गांव का चिनांकन किया गया है, जहां शिविर लगाकर किसानों की सुनवाई की जाएगी।

**-संदीप भोई,** डीडीए दुर्ग

#### खर्रा बावत भी नहीं कर पाए हैं किसान

मानसून का समय से पहले दस्तक देने से इस बार किसान खेती की तैयारी नहीं कर पाए हैं। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता बताते हैं कि बारिश के कारण नमी अधिक हो गई है। पहली जुताई खर्रा बावत के आधार पर होती है। लेकिन इस बार बारिश के कारण जुताई नहीं हुई है। उनका कहना है कि अभी शुरुआत में कम बारिश की जरुरत है। अभी जमीन पर्याप्त तरह से भीगा नही है। इसलिए किसान हड़बड़ी न कर सही बावत का इंतजार कर रहे हैं।

# कपसदा में पनीर फैक्ट्री से निकल रहे पानी से उठ रही बदबू, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा हालत ऐसी ही पंचायत में बैठक बुलानी पड़ी

कैवल्य फ्रेश नाम की पनीर फैक्ट्री को लेकर ग्राम कपसदा के ग्रामीण आक्रोशित हैं। आरोप है कि पनीर फैक्ट्री से निकलने वाली पानी से उठती बदबू से पूरा गांव परेशान हैं। इतना ही नहीं पानी की सड़ांध की वजह से खेती की जमीन बंजर हो रही है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो रहा है। इसका असर अब लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की वजह से करीब 20 एकड़ की खेती जमीन बंजर हो गई है। बदबू की वजह से लोगों को उल्टियां हो रही हैं, स्कूली बच्चे बेहोश हो रहे हैं। हालत यह है कि बदबू को लेकर पंचायत में बैठक बुलाई पड़ी, जिसमें ग्रामीणों ने फैक्ट्री संचालक को अल्टीमेटम भी दिया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अब ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में हैं। आरोप है कि फैक्ट्री में ऑर्गेनिक मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स तैयार किए जाते हैं। निकलने वाले पानी में कैमिकल मिला हुआ है। फैक्ट्री से 500 मीटर की दूरी पर हाई स्कूल है। पंचायत की बैठक में फैक्ट्री मालिक को एक महीने का समय दिया गया है। पंचायत में कहा गया है कि फैक्ट्री के पानी से जो बदबू आ रही है, उसको बंद करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें पनीर का उत्पादन पूरी तरह से बंद करना होगा। ग्रामीणों ने सुशासन तिहार कार्यक्रम में फैक्ट्री के खिलाफ लिखित शिकायत किया है। ग्रामीण निवासी दीपक साहू ने लिखित में शिकायत की है।

#### माह भर का समय दिया

यहां जो पनीर फैक्ट्री है, उसमें से वायु और जल प्रदूषण हो रहा है। इससे उठने वाली बदबू से लोग परेशान हैं। इसलिए इस फैक्ट्री को स्थिति सुधारने का एक महीने का समय दिया गया है। नहीं तो पंचायत की ओर से एक्शन लिया जाएगा। अल्टीमेटम दिया गया है।

भूपेंद्र कुंवर,
सरपंच, कपसदा

#### हो चुकी है जांच

फैक्ट्री में दूध, दही, पनीर और घी का उत्पादन हो रहा है। फैक्ट्री से ट्रीटमेंट के बाद जो पानी निकलता है, वो बगल के खेत में भरा जाता है। अधिक समय तक जमा रहने से उस पानी से बदबू आने लगी है। उनके खुद के डेयरी फार्म कलेक्शन सेंटर है। आरोप गलत है। फूड विभाग भी इसकी जांच कर चुका है।

**प्रियेश गुप्ता** संचालक, कैवल्य फ्रेश

# बीएसपी स्क्रेप के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी में फर्जी गेटपास बनाकर कार में लोहे का स्क्रैप केबल पार करते दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताय कि प्लांट के सीओ सीसीडी क्षेत्र से 240 किलो स्क्रैप कॉपर केबल चोरी कर कार सीजी 07 सीवाई 1564 में लादकर बोरिया गेट से बाहर निकलने का प्रयास दो युवक कर रहे थे। स्क्रैप की कीमत 1.32 लाख आंकी गई है। सीआईएसफ यूनिट कार को गेट के पास रोक दिया था। चेक करने पर कार के पिछली सीट के नीचे गुप्त केवीटी बना हुआ था। जहां से स्क्रैप कॉपर केबल भरा हुआ पड़ा मिला। कार चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम राम नगर सुपेला निवासी शिवम यादव बताया। सत्यापन के लिए उसे बीएसपी प्लांट का गेट पास चेक करने पर उसमें भी उसका फोटो चस्पा हुआ था। लेकिन गेट पास में दूसरे का नाम लिखा हुआ था। साजिश के तहत उक्त सामान को चोरी करने शुभम ने फर्जी गेट पास बनाया हुआ था। आरोपी शिवम यादव द्वारा अपने अन्य साथी शक्ति नगर छावनी मनोज कुमार उर्फ मोनू वर्मा नामक युवक के साथ मिलकर बीएसपी का फर्जी गेटपास बनाकर संयंत्र के अंदर प्रवेश किया करते थे। कार्रवाई में भठ्ठी पुलिस थाना प्रभारी राजेश साहू और सीआईएसएफ यूनिट का अहम योगदान रहा है।

### आदर्श नगर में चली गोली

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत आदर्श नगर कैम्प-1 में अज्ञात ने गोली चला दी। सूचना पर एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, सीएसपी हरीश पाटिल, टीआई मोनिका पांडेय सहित अन्य मौके पर पहुंचे। घटना रात करीब 10.02 बजे की बताई गई है। घटना आदर्श नगर निवासी शिवकुमारी, दिवाकर सिंह, सिम्पू सिंह के घर के आसपास की बताई गई है। गोली किसने चलाई इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पतासाजी कर रही है।

# बुआ के घर आए नाबालिग को मारा चाकू, आरोपी की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### नाबालिग है गंभीर, चल रहा है इलाज

- घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र का, कैमरे खंगाल रही पुलिस

अपने बुआ के घर आए नाबालिग को अज्ञात लोगों ने चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खेरुद गुडंरदेही जिला बालोद निवासी शेखर यादव 16 वर्ष अपने नानी खुर्सीपार स्थित तेलहानाला निवासी के यहां आया हुआ था। जहां पर साहू समाज का कार्यक्रम चल रहा था। शेखर कार्यक्रम में पहुंचा और बाहर निकलने पर कुछ युवको ने उसे रोक कर ताबडतोड़ पेट में चाकू से वार कर फरार हो गए। हमले के बाद शेखर सामने ही गिर पड़ा। आसपास के लोगों की मदद से पहले खुर्सीपार के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। उसके बाद उसे सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। शेखर के शरीर पर लगे चोट की गंभीरता को देखते हुए राम नगर स्थित स्पर्श अस्पताल ले जाया गया। जहां शेखर का उपचार जारी है। खबर है कि शेखर पर हमले वाले मौके से फरार हो गए है। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी नाबालिग है।

#### खोजबीन जारी

हमला करने वाले आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घटनास्थल के आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा संदिग्ध किस्म के युवकों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

**-वंदिता पानीकर**
प्रभारी थाना खुर्सीपार

### चरोदा में हुए हादसे वाली जगह पर पहुंचे एसएसपी

# हाईवे किनारे लगेंगे क्रश बैरियर और रंबल स्ट्रिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चरोदा में हुए सड़क हादसे में पिछले दिनों दो लोगों की जान चली गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने घटनास्थल में पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। ज्योति स्कूल के पास मीडिल कटिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी अग्रवाल ने मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड पर क्रश बैरियर की कमी होना बताया। इससे दोनों मार्ग के वाहन अपने-अपने मार्ग में सीधे चलें, उक्त सड़क हादसा पर बिना मानक वाले रंबल स्ट्रिप बनाए गए हैं। जो कि खतरनाक हैं, इससे दो पहिया वाहन चालक कभी भी उछलकर सड़क हादसे का शिकार हो सकते हैं। इसलिए रोड इंजीनियरिंग कांग्रेस रूल्स को फॉलो करते हुए सुरक्षा उपाय किए जाएं। उन्होंने संकेतक लगाने के भी निर्देश दिए। हाईवे पर गुजरने वाले भारी वाहनों के बारे में भी जानकारी ली गई। कट और सिग्नल्स के बारे में भी पूछा।



#### मेंटनेंस की गुणवत्ता को लेकर भी ली जानकारी

एसएसपी ने बनाए गए रंबल स्ट्रिप को हटाकर मानक अनुरूप रंबल स्ट्रीप्स बनाए जाने की बात कही। इस पर अधिकारियों ने बताया कि विभाग को पत्र लिखा गया है। सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया। इस तरह से बनाए गए खतरनाक रंबल्ड स्ट्रीप्स के लिये संबंधित एजेंसी को पुलिस विभाग ने नोटिस जारी करने की बात भी कही है। निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा, ट्रैफिक डीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

#### लापरवाही बरतने वाली एजेंसी को जारी होगा नोटिस

राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रश बैरियर, मानक अनुरूप रंबल्ड स्ट्रिप बनाने लेटर जारी किया गया। मानक अनुरूप रंबल्ड स्ट्रिप ना बनाने और सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता का ध्यान न देने के लिए निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी किया जाएगा। इससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर हो ऐसा काम ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया जाएगा।

### नशे के तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अवैध रूप नशीली कैप्सूल, टेबलेट का कारोबार करने वाले संतोष चन्द्राकर, ,सोमनाथ पाण्डेय, लिंगराज उर्फ सोनू यादव, मनीषा मखीजा को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच करने पर इंड टू इंड कार्रवाई में हरीओम वाटिका के पास सिंधी कालोनी गोंदिया निवासी आरोपी जितेन्द्र बुधवानी उर्फ जीतू को पकड़ा गया। उसके पास से 3.18 लाख की नशीली दवा जब्त की गई।

**सड़क हादसे में घायल बीएसपी कर्मी की मौतः भिलाई।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए बीएसपी कर्मी रिचर्ड अतीत की मौत हो गई। वायर रॉड मिल ऑपरेशन के कर्मचारी रिचर्ड का 26 मई की दोपहर भिलाई 3 पद्मनगर के पास हाइवे पर एक्सीडेंट हुआ था। पत्नी के साथ स्कूटी से कहीं जा रहे थे, तभी किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मारी थी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### भगवान नाम प्रभात कीर्तन निकाला गया

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू की युवा सेवा संघ द्वारा भगवान नाम प्रभात कीर्तन यात्रा लंगूर वीर मंदिर दुर्ग से निकाली गई। भगवान नाम कीर्तन यात्रा को पूरे शनिचरी मार्केट में घुमाए गए। इस यात्रा में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका निःशुल्क बांटी गई। अंत में युवा सेवा संघ की संकल्प सभा रखी गई। मंदिर परिसर में बच्चों की संस्कार सभा भी चल रही थी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### युक्तियुक्त काउंसलिंग खालसा स्कूल में आज

**दुर्ग।** जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों का काउंसलिंग 2 एवं 3 जून को सुबह 9 बजे से खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक दुर्ग में आयोजित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि पहले यह काउंसलिंग जेआरडी शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रखा गया था। जिसमें परिवर्तन कर अब यह काउंसलिंग निर्धारित तिथि 2 एवं 3 जून को प्रातः 9 बजे से खालसा पब्लिक स्कूल में होगी।

### समाधान शिविर में मनोज को मिला मोची पेटी



**दुर्ग।** ग्राम करेली के मनोज कुमार को शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत मोची कार्य के लिए आवश्यक मोची पेटी और उपयुक्त औजार प्रदान किया गया। यह पहल न केवल उन्हें रोजगार से जोड़ने का माध्यम बनी है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी एक नई दिशा मिली। मनोज कुमार लंबे समय से पारंपरिक मोची कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन आधुनिक औजारों और सुविधाओं की कमी के कारण उनका काम सीमित रह गया था। हाल ही में जनपद पंचायत धमधा के ग्राम दानीकोकड़ी में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राही को रविदास चर्म शिल्प योजना के तहत मोची पेटी एवं औजार का वितरण किया गया। जिसमें चमड़ा काटने, सिलाई, पॉलिशिंग और मरम्मत के लिए सभी आवश्यक औजार शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें एक पोर्टेबल मोची पेटी भी दी गई है, जिससे वे अपने काम को आसानी से कहीं भी लेकर जा सकते हैं।

### निकाली जाएगी साइकिल रैली

**दुर्ग।** नगर निगम द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में ड्राइंग प्रतियोगिता के अलावा साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। महापौर श्रीमती बाघमार ने बताया कि ड्राइंग स्पर्धा में मिडिल स्कूल के बच्चे प्रतिभागियों की भागीदारी देंगे। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया जाएगा।

# मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरु, ग्रामीणों ने ली पानी बचाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरु किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पानी बचाने की शपथ दिलाई। अभियान के तहत एकेच गोठ एकेच बानी बूँद - बूँद बचाबो पानी दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महाअभियान चलाया जा रहा है। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी दी। हर खेत में पानी हर घर में खुशहाली का संकल्प लिया जा रहा है। जल संरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमें जल संरक्षण के लिए जागरूक रहते हुए जल संरक्षण के सभी तरीकों को अपनाना होगा। अगर आज ज़ल संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली भावी पीढियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जाएंगी। जल संरक्षण करने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी । जरूरी है कि हम परंपरागत पानी के स्त्रोतों का उन्नयन करें। तालाबों को वर्षा ऋतु के पहले सफाई और नए स्त्रोतों का निर्माण करने कहा गया। मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा बने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य मंत्रीगण, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह या गांव की जल संचयन वाहिनी की दीदियों द्वारा गांव-गांव में जल बचाने के अभियान को गति दी जा रही है।

## हर खेत में पानी, हर घर में खुशहाली का लिया जा रहा संकल्प

### पानी रोकने के कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता : कलेक्टर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं से पानी रोकने में मदद करने वाले सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जिले में कराया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण, नदी नालों का पुनरुद्धार अंतर्गत गाद सफाई कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, डबरी निर्माण जैसे प्रमुख कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे है। वर्षा का जल एकत्र करने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के तहत रिचार्ज पीठ बड़ी संख्या में स्वीकृत किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग में 59 जनपद पंचायत धमधा में 118 एवं जनपद पंचायत पाटन 88 निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इन कार्यों से जल संरक्षण के लिए परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है।




### ग्रामीण कर रहे श्रमदान

पंचायत स्तर पर ग्रामीणजन द्वारा श्रमदान करके सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया।इस महाअभियान को सार्थक करने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजंरग कुमार दुबे ने लोगों से अपील की है। जल की महत्ता बताते हुए कहा कि जिले के सभी गांवों में वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। दीवार लेखन, रैली और ग्राम सभाओं के माध्यम से गांव-गांव में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत प्रस्तावित नारे का दीवार लेखन कराया गया।

## विडंबना : पिछले साल से चल रही सर्वे की प्रक्रिया, 65 हजार लोगों को इंतजार

# जिले के 381 गांव के हितग्राहियों को अब तक नहीं मिला आबादी पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के 381 गांव के 65 हजार से अधिक लोगों को अब तक आबादी पट्टे का लाभ नहीं मिल पाया है। आबादी पट्टा जारी किए जाने के लिए होने वाले सर्वे का ड्रोन से मैपिंग किया गया था। सर्वे की प्रक्रिया लगभग पूरी होने के बाद भी पट्टे का वितरण नहीं किया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले चल रही इस प्रक्रिया को लेकर ऐसी उम्मीद थी कि चुनाव से पहले पट्टा का वितरण कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक जिले में पट्टे का वितरण नहीं हो पाया है। हालात यह है कि सत्ता बदलने के बाद भी हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि, आबादी पट्टे की प्रक्रिया पिछले विधानसभा चुनाव क़े पहले से पहले चल रही थी। जबकि इसी साल में त्रिस्तरीय चुनाव भी इंतजार करते निपट गए। इस दौरान आबादी पट्टे की मांग तूल पकड़ी थी। जानकारी अनुसार जिले क़े गांव की आबादी भूमि में रहने वाले लोगों को स्वामित्व का अधिकार दिया जाना है। इसके लिए केंद्र सरकार ने स्वामित्व योजना की शुरूआत की है। पूरे प्रदेश में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में सबसे पहले दुर्ग जिले से योजना की शुरूआत की गई, लेकिन जिला प्रशासन के अफसरों की सुस्ती के चलते योजना ठप पड़ गई है। योजना को लागू हुए करीब तीन साल हो गए। लेकिन इन तीन साल में जिला प्रशासन ने एक भी व्यक्ति को इस योजना का लाभ नहीं दिला पाया है। जबकि जिले के 381 गांव के 65 हजार से अधिक लोगों को इसका लाभ दिया जाना है। लोग साल भर से उम्मीद लगाए बैठे है कि अब उन्हें योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन अबतक कोई लाभ नहीं मिला है। अफसर सिर्फ कागजों में योजना चला रहे है। नक्शा, खसरा और ड्राइंग डिजाइन का काम भी अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अब तक एक भी अधिकार अभिलेख नहीं बना पाए है। कई अधिकारी बदल गए, लेकिन इस योजना का लाभ लोगों को नहीं दिलवा पाए है। हालाकि बीते दिनों चुनाव से पहले जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली थी। तब इस योजना की समीक्षा की थी और काम में तेजी लाने और केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों को दिलाने का आदेश भी दिया था।

### नक्शा, खसरा और ड्राइंग डिजाइन का काम भी अब तक पूरा नहीं



### स्वामित्व योजना कि ऐसी थी तैयारी

केंद्र सरकार की इस योजना के तहत आबादी भूमि में रहने वाले लोगों को स्वामित्व का अधिकार दिया जाना है। इसके लिए सरकार उन्हें अधिकार अभिलेख देगा। इस योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ के दुर्ग, कबीरधाम एवं कोरबा से हो गई है। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली ने ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत संपत्ति मालिकों को ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर नक्शा, खसरा, रकबा बनाया जाएगा। ऑनलाइन में भी हितग्राहियों के नाम से जमीन का रिकार्ड रहेगा।

### 448 गांव में से 381 गांव में ड्रोन से सर्वे हुआ

स्वामित्व योजना के तहत जिले के सभी गांव को शामिल करना है। लेकिन जिले के 448 गांव में से 381 गांव में ड्रोन से सर्वे किया गया है। बाकी के गांव शहरी क्षेत्र में आते है। इसलिए उन्हें इस योजना से बाहर कर दिए है। इसके लिए पहले राजस्व विभाग ने मौखिक सर्वे किया गया। फिर ड्रोन से सर्वे किया। इसके बाद आबादी भूमि का नक्शा तैयार किया। जिसके ग्राम पंचायत में दावा आपत्ति के लिए लोगों को मौका दिया गया। जिसका निराकरण का काम अब तक चल रहा है। 5 हजार से ज्यादा दावा आपत्ति आया है।

### आबादी पट्टे का इस तरह मिलेगा लाभ

- सम्पत्ति मालिक को सम्पत्ति का प्रमाण पत्र एवं भू-स्वामित्व मिलेगा।
- ड्रोन सर्वे से रिकार्ड बनाने में शुद्धता आएगी।
- सर्टिफिकेट से बैंक लोन लेने में सुविधा मिलेगी।
- सम्पत्ति की खरीदी एवं बिक्री का हस्तांतरण में सुविधा होगी।
- आबादी भूमि का नक्शा-खसरा तैयार होने से सम्पत्ति विवाद कम होंगे। रिकार्ड ऑन लाइन होने से लोगों सबसे ज्यादा फायदा होगा।

# शीतला सब्जी मंडी का किया जा रहा उन्नयन कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पद्मनाभपुर स्थित शीतला सब्जी मंडी में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने उन्नयन किया जा रहा है, बारिश का पानी न ठहरे

- नई दुकान बनेंगी, पार्किंग एरिया भी मिलेगा

इसके लिये पसरा की हाईट बढ़ाकर ड्रेनेज़ सिस्टम बनाया जा रहा है जिसका विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी से निर्माण से जुड़ी जानकारियां ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग और व्यापार को बढ़ाने 19 नई दुकानें भी बनेगी। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की शीतला सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मार्केट में जलभराव की समस्या बताई थी, समस्या का निराकरण करने मार्केट का उन्नयन किया जा रहा है। यह विकास कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। व्यापारियों ने बताया की सब्जी मंडी में निकासी नाली नीचे होने के कारण बारिश का पानी भर जाता है, जलभराव की समस्या कई सालों से बनी हुई है जिसे कई बार जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिए लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने जब विधायक गजेन्द्र यादव को बारिश में मंडी में पानी भरने के कारण सब्जी को चबूतरे तक ले जाने की समस्या बताये थे।

### 19 दुकान के साथ ड्रेनेज़ सिस्टम

वार्ड 29 अंतर्गत माँ शीतला सब्जी मंडी में हो रहे उन्नयन कार्य में बारिश का पानी न ठहरे इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम बन रहा है। बाजार के भीतर वर्तमान में पसरा के हाईट ऊंचाई को करीब ढाई फिट ऊपर किया जायेगा। 1करोड़ 73 लाख की राशि से होने वाले कार्य में बाजार के किनारे 19 दुकान भी बनेंगे। बाजार आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग एरिया भी होगा। नये बनने वाले दुकानों से यहां का व्यापार भी बढ़ेगा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पार्षद शिव नायक, गुड्डू यादव, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू मंडी बोर्ड के एसडीओ प्रवीण पाण्डेय उपस्थित रहे।

# महापौर-आयुक्त ने देखी वार्डों की सफाई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महा सफाई अभियान के तहत महापौर अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, एमआईसी नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद संजय अग्रवाल सरिता चंद्राकर सहित वार्ड 45 पद्मनाभपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोगों की शिकायत पर महापौर ने तृप्ति रेस्टोरेंट के संचालक को पीछे सफाई व्यवस्था के साथ साथ अन्य व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने एमआईजी, मिनी स्टेडियम, जनता मार्केट विश्वदीप स्कूल के आस पास पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने नाली सफाई व्यवस्था को लेकर सुपरवाइजर को तल तक नाली सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मिनी स्टेडियम के पास कचरा कलेक्शन रिक्शा को रुकवाकर गीला-सूखा कचरा की जांच की। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है। अधिकारियों ने बताया कि छोटी गुमटियों से लेकर बड़े होटल, मोहल्ले के घरों और पद्मनाभपुर क्षेत्र को भी कचरे के पृथक्करण के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही हैं। उन्होंने दुकानदारों को भी अपने आस पास के कचरों को इकट्ठा करके अपने कचरा डिब्बा में डालकर निगम की गाड़ियों को देने की बात कही।

### महापौर ने कर्मचारी के घर पहुंचकर उपादान की राशि का चेक प्रदान किया



महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, वित्त व लेखा विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, बाज़र व राजस्व प्रभारी शेखर चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, ममता सेन के साथ मंगलवार शाम को सेवानिवृत्त निगम कर्मी कचरा बाई सोनी भृत्य को चार लाख रुपये का राशि चेक और ठाकुर राम यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक को 84 हज़ार रुपये का चेक घर जाकर उपादान (ग्रेच्युटी) की राशि प्रदान किया। निगम प्रशासन द्वारा ऐसे कर्मियों को उपादान की राशि के भुगतान की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 300 पात्र कर्मचारियों के नामों की सूची जारी की है। इन कर्मचारियों को 8 करोड़ से ज्यादा भुगतान का प्रावधान किया गया है। महापौर अलका बाघमार एवं वित्त एवं लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने उपादान राशि का चेक देने बीमार सेवानिवृत कर्मियों के निवास पर पहुंची और उन्हें डेमो चेक देकर भुगतान की प्रतिबद्धता का एक नया उदाहरण पेश किया। संचित निधि के ब्याज से भुगतान की तैयारी कर ली गई है। बता दे कि नगर निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद पिछले दिनों सामान्य सभा में मौजूदा परिषद ने कर्मचारियों को उपादान की राशि भुगतान का निर्णय लिया था। निगम प्रशासन द्वारा जल्द कर्मचारियों के खाते में राशि डाला जाएगा।

# बाढ़ की स्थिति में वार्डों के गड्ढों में मरम्मत संधारण मद से होगा डस्ट फिलिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर नियोजन एवं लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर की अध्यक्षता में एमआईसी चेम्बर में समिति सदस्यों व विभागीय अधिकारियों

- एमआईसी चैंबर में लोककर्म समिति की बैठक

के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया। लोक कर्म प्रभारी श्री चन्द्राकर ने कहा कि वार्ड के 15 सतनाम पारा आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु ठेकेदार को संबंधित इंजीनियर के साथ कार्य का शेड्यूल तैयार कर कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दौरान



बाढ़ की स्थिति में समस्त वार्डों के गड्ढों में डस्ट फिलिंग का कार्य मरम्मत संधारण मद से कराया जाए, जिसके लिए सभी 60 वार्डों के उप अभियंता द्वारा स्थल का चिन्हांकन कर प्राक्कलन तैयार किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि वार्ड 44 में सतनाम भवन के कार्यों का आर्किटेक से स्थल के अनुरूप ड्रॉईंग डिजाईन प्राप्त कर संबंधित अभियंता द्वारा स्थल पर शीघ्र लेआउट प्रदान किया जाए। इसके अलावा पूर्व में महापौर निधि एवं पार्षद निधि पिछला वित्तीय वर्ष की रोकी गई राशि की मांग के लिए शासन को पत्र भेजा जाना है। जिससे स्वीकृति के प्रत्याशा में किए गए कार्यों का भुगतान किया जा सके। बैठक समिति के सदस्य नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, आशीष चन्द्राकर, गोविंद्र देवांगन, विद्यावती सिंह, लोकेश्वरी ठाकुर, सरस निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

## यादव की बजाय अन्य को देने पर जताई नाराजगी, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

# यादव समाज के लोगों में आक्रोश, कहा- सत्ता में भागीदारी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

यादवों को मंत्रीमंडल, निगम एवं मण्डलों में मौका नहीं दिए जाने से यादव समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने गौसेवा आयोग व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद यादव की बजाय अन्य समाज के लोगों को देने पर नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी की, साथ ही उन्होंने आज मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपी है।

- गौसेवा आयोग व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद दूसरे समाज को देने पर विरोध

यादव समाज को सत्ता में भागीदारी देने एवं छ्ग राज्य गौसेवा आयोग तथा दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद पर यादव समाज के



लोगों को ही नियुक्त किए जाने मांग की हैं। छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे।

छ.ग. (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमराज यदु, रिवेन्द्र यादव, रमन लाल यादव आदि ने निगम एवं मण्डल की सूची में यादव समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न जातियों के पैतृक व्यवसाय से जुड़े निगम, मंडल व बोर्ड में उन्हीं समाज के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है मगर गौपालन व दुग्ध व्यवसाय से जुड़े यादवों को गौसेवा आयोग एवं दुग्ध महासंघ तक के अध्यक्ष पद से वंचित रखा गया है। मांग पूरी नही होने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की भी चेतावनी दी गई है। इस दौरान राजकुमार यादव, ईश्वर यादव, नरेन्द्र यदु, मुकेश यादव,उमाशंकर यादव, रोमशंकर यादव, गोविन्दा लखन यादव, केके यादव, बलराम यादव, अभिषेक यादव, खेमसिंह यादव, बीपी यादव, राधेलाल यादव, मदन यादव, जनक यादव, होमलाल यादव,एमआर यादव, महेश ठेठवार, आशीष यादव, बीरेन्द्र यदु, सत्येन्द्र यादव, अनिकेत यादव, राजेन्द्र यादव,मयाराम यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, सूर्यकांत यादव, मोहन यादव, हरप्रसाद यादव,दीपक यादव, राजू यादव, कृष्णा यादव, पुखराज यादव,दिलहरण यादव, दुष्यंत यादव, शेखर यादव, जयेन्द्र यादव टुकेश यादव, अंशु यादव, कुलेश्वर यादव, छबि यादव आदि मौजूद थे।

### संख्या बल पर दूसरे नंबर पर है यादव समाज

समाज के लोगों ने कहा कि छग में यादव समाज संख्या बल के हिसाब से दूसरे क्रम पर है। इसके बावजूद सरकार द्वारा मंत्रीमंडल और निगम-मंडलों में यादव समाज को संख्या बल के हिसाब से प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना समाज की उपेक्षा है। यह स्थिति न केवल समाज के राजनीतिक हक को कमजोर करती है बल्कि सरकार की समावेशी नीति पर भी सवाल खड़ी करती है। छ.ग. में यादव समाज वर्षो से सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है कृषि, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने के साथ साथ इस समाज ने चुनाव में भागीदारी देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन जब सत्ता में भागीदारी की बात आती है तो यादव समाज को बार-बार नजर अंदाज किया जाता है, जबकि गणना के अनुसार पिछड़े वर्ग की जातियों में यादव समाज छत्तीसगढ़ में दूसरे नंबर में आता है।

# कांग्रेस की आज संविधान बचाओ रैली, तैयारी पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई और जिले के वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में 2 जून को होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में की जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर ने बताया कि 11 बजे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा राजीव भवन में एक सभा की जाएगी। सभा के बाद सभी कांग्रेसी रैली के रूप में पदयात्रा करते हुए राजीव भवन से पांच कंडील, गांधी चौक, मोती कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड होकर हिंदी भवन के सामने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का समापन किया जाएगा। रैली में दुर्ग जिले की सभी विधानसभा के साथ साजा विधानसभा के नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे ।

## खबर संक्षेप

### जिला निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**अंडा।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज जिला बालोद वार्षिक अधिवेशन 2 जून को ग्राम भिलाई अर्जुन्दा में जिला निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में अतिथिगण दोपहर 2 बजे से मुख्य अतिथियों का आगमन एवं उद्बोधन होगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री छग शासन विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री रामभूषण चौधरी, अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष निषाद समाज एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद, अति विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री छग शासन विजय शर्मा, सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग, विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर आदि सम्मिलित होंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निषाद ने दी।

### पांचवी में किंशुक और आठवीं में तेजल ने किया टॉप



**सेलूद।** संस्कार पब्लिक स्कूल, आमालोरी गाड़ाडीह के विद्यार्थी किंशुक कुमार ने 98% तथा देविका वर्मा ने 92% अंक प्राप्त किया। वहीं कक्षा आठवीं के तेजल वर्मा ने 85.67% और हिमांगी देवांगन ने 81.83% अंक प्राप्त की। विद्यालय की प्राचार्या अर्चना शुक्ला ने इन उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## निधन

### श्याम लाल मेश्राम



**निकुम।** निकुम भाटापारा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गायत्री प्रज्ञापीठ निकुम के प्रमुख सदस्य श्यामलाल मेश्राम उम्र 74 वर्ष का निधन 1 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।


### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्रीमती झरना वर्मा पति-श्री अरविन्द कुमार वर्मा, उम्र 37 वर्ष, पता- प्लॉट नं.-65/66ए, सड़क नं.-आर.-11, जुनवानी भिलाई, अनुष्ठा रेसेडेंसी, खम्हरिया रोड, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020 की निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करती हूँ :-1. यह कि, मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ। 2. यह कि, मेरे नाम पर ड्रायविंग लायसेंस नं.-CG04 20130001123 जारी हुआ है, जिसमें मेरे विवाह पूर्व का नाम कु० झरना वर्मा पिता भानु राम वर्मा पता ग्राम व पो. सिलतरा, थाना-धरसिंवा, जिला रायपुर (छ.ग.) दर्ज है। 3. यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा विवाह के बाद का नाम झरना वर्मा पति श्री अरविन्द कुमार वर्मा, पता- प्लॉट नं.-65/66ए, सड़क नं.-आर-11, जुनवानी भिलाई, अनुष्ठान रेसेडेंसी, खम्हरिया रोड, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020 दर्ज है, जो कि सही व सत्य है। 4. यह कि, मेरे उक्त ड्रायविंग लायसेंस में सुधार कर मेरा सही नाम झरना वर्मा पति श्री अरविन्द कुमार वर्मा, पता- प्लॉट नं.-65/66ए, सड़क नं.-आर-11, जुनवानी भिलाई, अनुष्ठा रेसेडेंसी, खम्हरिया रोड, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490020 दर्ज करवाना चाहती हूं, जिस बाबत यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

झरना वर्मा
शपथकर्ता


## बिरझापुर के शनि मंदिर तालाब का जनसहभागिता से जीर्णोद्धार शुरू

# छै आगर छै कोरी तालाबों को पुनर्जीवित करने सप्ताह में एक दिन श्रमदान का अनूठा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ऐतिहासिक नगर धमधा में तालाब संरक्षण की दिशा में एक और प्रयास आरंभ किया गया है, जिसके तहत बिरझापुर शनि मंदिर तालाब का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके लिए श्रमदान के साथ पौधरोपण और उद्यान विकसित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। इसके पूर्व धमधा में सात विलुप्त हो चुके तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है, जिसमें काष्ठस्तंभ की भी स्थापना की गई। अब इन तालाबों से खेतों में सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होता है।

धमधा में प्राचीन काल में छै आगर छै कोरी तरिया यानी 126 तालाब थे। इनमें से 56 तालाब विलुप्त हो चुके हैं, जिन्हें पुर्नजीवित करने के लिए धर्मधाम गौरवगाथा समिति प्रयासरत है। लगभग 30 सरकारी तालाबों को पाटकर खेत बना दिया गया है, जिसके जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की गई है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर के माध्यम से तहसीलदार को इस कार्य के लिए निर्देशित किया है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन व ईश्वरी निर्मलकर ने बताया कि हमारी समिति शासकीय तालाबों को खोदकर पुनः तालाब का स्वरूप देना चाहती है लेकिन अभी तक इसमें खुदाई की स्वीकृति नहीं मिली है। इसलिए बिरझापुर पंचायत के अनुरोध पर शनि मंदिर तालाब की खुदाई आरंभ की गई है। इसके अंतर्गत डेवलपमेंट की कार्ययोजना को तैयार कर ली गई है। गहरीकरण के साथ उद्यान विकसित किया जा रहा है, ताकि यह पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके। प्राचीन काल से तालाब के पानी का उपयोग वरूण देव की पूजा के साथ किया जाता है। इस पूजा के बाद प्रतीक के रूप में तालाब के बीच में एक काष्ठस्तंभ स्थापित करने की परंपरा रही है। इसमें सरई लकड़ी की स्थापना बीचोंबीच की जाती है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति भविष्य में काष्ठस्तंभ की स्थापना कराएगी।

**धर्मधाम गौरवगाथा समिति को कार्य करने की दी अनुमति**



### पंचायत ने दिया प्रस्ताव, सबकी भागीदारी से बनेगा तालाब

ग्राम पंचायत बिरझापुर की सभा में धर्मधाम गौरवगाथा समिति को उनके गांव के तालाब को संरक्षित करने का प्रस्ताव दिया गया, जिसके बाद विभिन्न समितियों ने मिलकर अलग-अलग जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए तालाब संरक्षण के कार्य में भागीदारी दे रहे हैं। पंचायत की ओर से सरपंच रामेश्वर साहू ने बताया कि धर्मधाम गौरवगाथा समिति तालाबों के संरक्षण की दिशा में काम कर रही है। प्राचीन काल में धमधा के छै आगर छै कोरी तालाबों में बिरझापुर के तालाब भी आते थे, इसमें शनि मंदिर के पास मुरम खदान था, जिसे तालाब का स्वरूप देना आवश्यक था। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित करके धर्मधाम गौरवगाथा समिति को यहां कार्य करने की अनुमति दी। इसके लिए ग्रामवासियों ने मिलकर भूमिपूजन कार्य किया। इसके बाद दो दिन तक जेसीबी पोकलेन की सहायता से तालाब गहरीकरण करते हुए पार निर्माण कराया गया। पार बनने के बाद तालाब अपने स्वरूप में दिखने लगा है।

### समूह की तैयारी कर रहे युवाओं ने किया श्रमदान

शनि मंदिर तालाब के पार को समतल बनाने और उसमें धम्मस चलाने के लिए समूह की तैयारी करने वाले युवाओं ने मिलकर श्रमदान किया। हिन्द एथलेटिक्स क्लब सहित ग्रामवासी हर रविवार को श्रमदान का कार्य करेंगे। श्रमदान में अनिल यादव, शुभम, वासु पटेल, साहिल जोशी, आकाश बघेल, योगेश साहू, पूरेंद्र साहू, ठाकुर राम साहू, युवराज साहू, खिलेश्वर साहू, लक्ष्मण साहू, चमन साहू, हर्ष साहू, दुर्गेश वर्मा, सुमित पटेल, मोहम्मद ईरशाद, मुकेश साहू के साथ बिरझापुर सरपंच राजेश्वर साहू, रामसोहागी साहू, दिनेश साहू, शिक्षक मुखराज किशोर यादव, भुवनेश्वर धीवर, राजू कहार शामिल थे।

### फैंसिंग कर उद्यान विकसित करने की अभिनव पहल

तालाब जीर्णोद्धार के साथ ही पार में पौधे लगाकर उसे उद्यान के रूप में विकसित करने की अभिनव पहल की जा रही है। इसके लिए बिना किसी सरकारी सहयोग से तालाब की जाली से फैंसिंग करके पौधे लगाने की योजना है। इसके लिए अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग सहयोग प्रदान कर रही है। समिति के अध्यक्ष श्री जगमोहन सिन्हा ने बताया कि इसमें लगभग 150 पौधे लगाए जाएंगे। तालाब में हमेशा पानी भरा रहे, इसके लिये आसपास पेड़ होना जरूरी है। बारिश में पेड़ों की जड़ पानी को खींचकर रखते हैं और बारिश के बाद वह रिसकर निचले हिस्से में जाता है। पेड़ भूजल को रिचार्ज करते हैं। इसलिए तालाब के किनारे बड़ी संख्या में पेड़ लगाया जाना है। इनके संरक्षण के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है। उद्यान विकसित होने से शनि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को पेड़ की छांव मिलेगी। यह स्थल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा।

## अंचल व शहर की खबरें

### आयरन फैक्ट्री से ढाई लाख का सामान पार करने वाला गार्ड और खरीदार गिरफ्तार



■ जामुल के रंजना इंडस्ट्रीज का है मामला

**भिलाई।** जामुल स्थित आयरन फैक्ट्री में गार्ड के द्वारा सामान पार करने वाले मामले में दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306, 317(2), 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल स्थित औद्योगिक क्षेत्र के रंजना इंडस्ट्रीज में सामान पार हुआ था। फैक्ट्री के सीसी कैमरे में गार्ड और उसके दोस्त का हरकत कैद हो गया था। संचालक नेहरु नगर निवासी रितेश रायका ने चेक करने पर दोनों का फूटेज मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी। चोर ने 29 मई की रात फैक्ट्री से आयरन पिन, आयरन प्लेट, कटिंग लोहा की बड़े पैमाने पर चोरी की गई थी। जामुल पुलिस ने फुटेज के आधार पर श्याम नगर पावर हाउस छावनी निवासी गार्ड रईस खान से पूछताछ किया। गार्ड ने फैक्ट्री में चोरी करना स्वीकार किया। रईस के मुताबिक चोरी का सारा सामान लोहे का वो लोग भागवत चन्द्राकर के पास ले गए और बेच दिया। पुलिस उसे लेकर श्याम नगर पावर हाउस छावनी निवासी खरीदार भागवत चंद्राकर के यहां पहुंची और चोरी का माल जब्त किया। चोरी गए माल की कुल कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### आलमारी से नकदी और जेवरात पार करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा



**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 03(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अन्नू जैन ने शिकायत किया था कि खाना खाकर परिजन कमरे में सोने निकल गए थे। 21 मई की सुबह चेक करने पर दूसरे कमरे का अलमीरा खुला पड़ा था। सारा सामान बाहर बिखरे था। चेक करने पर रखे गए सोना चांदी के जेवरात नगद 30 हजार गायब मिला। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई। सुपेला पुलिस को मुखबिर की सूचना पर सामुदायिक भवन बाम्बे आवास के पास नेहरू नगर मॉडल टाउन निवासी संदेही माया उर्फ रितिक यादव को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर बताया कि मकान में अपने दोस्त दो अपचारी बालको के साथ मिलकर नेहरू नगर में घूमते मकान ले चोरी करना स्वीकार किया। घर के दरवाजे की मच्छरदानी जाली को तोड़कर हाथ अंदर डालकर दरवाजा को खोला गया। उसके बाद तीनों मकान के भीतर घुसकर अलमीरा से नगदी व जेवरात पार कर फरार हो गए थे। नगदी रकम बांट लिए और जेवरात को बेचने की योजना बना रहे थे। निशानदेही पर चांदी की चाबी के छल्ले, चांदी की चैन को जप्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा सामाजिक गतिविधियां और मेडिटेशन राजयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुम्हारी में बच्चों को दी जानकारी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुम्हारी में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिदिन संस्था की संचालिका ब्रम्हकुमारी ईशा दीदी ने उपस्थित लोगों को ध्यान करना सिखाया। जीवन मूल्यों के लिए प्रेरणा दायक मार्ग बताया साथ ही पौधारोपण भी किया गया। संस्था द्वारा नई-नई गतिविधियां और खेल प्रतियोगिता भी कराया गया इसमें अलग-अलग विधाओं के एक्सपर्ट ने बच्चों को जानकारी दी। पहले दिन मंदाकिनी सोलंकी द्वारा वेद मन्त्रों का उच्चारण करना सिखाया, दूसरे दिन रीता पाण्डेय ने सिखाया कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी संस्कृति और सभ्यता को कैसे आगे बढ़ायें, तीसरे दिन चंदन बंछोर ने वर्ल्ड वार से कैसे बचे, चौथे दिन दंत चिकित्सक डॉक्टर मेघा जैन द्वारा दांतों की सुरक्षा की जानकारी दी गई। पांचवें दिन पत्रकार रविंद्र कुमार थापा ने मीडिया क्यों जरूरी है, मीडिया का महत्व विषय पर बच्चों को बताया कि कैसे आगे बढ़े, प्रतिस्पर्धा में प्रथम आने, समसामयिक घटनाओं, राजनैतिक, सांस्कृतिक, विज्ञान, खेलकूद, मनोरंजन की तत्काल जानकारियों से आप अपने लक्ष्य को सरलता पूर्वक कैसे प्राप्त कर सकते हैं। श्याम कुमार सिंह ने माइंड गेम खेलना सिखाया समापन के दिन कुम्हारी के थाना प्रभारी जनक राम कुर्रे ने सभी बच्चों को नए जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। वार्ड 15 के पार्षद अनुराग गुप्ता ने बताया कि यहां आने से बच्चों के अंदर एक ऊर्जा का संचार होता है और बच्चे आत्मविश्वास से हर चुनौती के लिए तैयार रहते हैं । समापन समारोह में बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया वहीं नुक्कड़ शैली में लघु नाट्य के माध्यम से मोबाईल के दुष्प्रभाव को बताते हुए इससे स्वयं को सुरक्षित रखने प्रशंसनीय प्रस्तुति दी।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आमटी में आज से

**अंडा।** जेसीसी क्रिकेट क्लब आमटी आबादी के तत्वावधान में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2 जून से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रवेश शुल्क 1111 रुपए रखा गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 15555 रुपया केशव बंटी हरमुख कोल्हापुरी 36 फुट द्वारा प्रदत, द्वितीय पुरस्कार 8888 रुपया गुप्त दान, तृतीय पुरस्कार 5555 रुपया दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी सरपंच द्वारा प्रदत्त, चतुर्थ पुरस्कार 3333 रुपया डॉक्टर तुलाराम साहू उप सरपंच द्वारा दिया जाएगा।

### पाटन के क्रेडा विभाग के कर्मचारी के कारण गौठान संचालन में होगी दिक्कत



■ सूचना देने के बाद भी सोलर लाइट का सुधार नहीं

**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने बताया कि क्रेडा विभाग की लापरवाही के कारण गौठान संचालन में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों की फसल बचाने के लिए गांव-गांव में गौठान का निर्माण कराया गया था और सभी गौठानो में करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर घुमन्तु पशुओं के रख रखाव के लिए खर्च किया गया था। जिसमें सोलर से चलने वाली पानी टंकी और सोलर लाइट लगाया गया था, लेकिन कुछ दिन पहले आये हवा तूफान में वह सोलर लाइट का पोल टूट कर गिर गया है पोल के गिरने के बाद असामाजिक तत्वों द्वारा उनमे लगे समानों को तोड़फोड़ कर दिया गया है। वहीं कुछ समानो को अपने साथ ले भी गये है जिसके कारण सेलूद गौठान में सोलर लाइट बंद है। लेकिन क्रेडा विभाग के लापरवाही पूर्ण रवैया के कारण सोलर लाइट व सोलर टंकी को पंद्रह दिन पहले सूचना देने के बाद सुधार कार्य नहीं हो रहा है। कर्मचारी के इस अड़ियल रवैये से सभी किसान परेशान है और ऐसे कर्मचारी के ऊपर शीघ्र कार्यवाही की मांग कर रहे हैं ताकि कोई अन्य किसानों या ग्रामीणों के साथ कोई अड़ियल रवैये न अपना सके।

### सेजस जंजगिरी से छात्रवृत्ति परीक्षा में दो बच्चों का चयन



**कुम्हारी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी में इस वर्ष 2025 में सफलता ने पुनः दस्तक दी है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा आठवीं के चित्रांशी निर्मलकर एवं पूर्वांश वर्मा ने चयनित होकर पुनः शाला का नाम गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य है कि टॉप 30 की लिस्ट में चित्रांशी निर्मलकर ने दुर्ग जिले में 24 वां रैंक प्राप्त किया है यह गर्व का विषय है। इसके साथ ही जंजगिरी में इस परीक्षा में बीते 4 वर्षों में कुल सफल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 39 हो गई है। विद्यालय की प्राचार्या मिनी गोपीनाथन ने बताया कि एनएमएमएसई की मेंटॉर शिक्षिका अंजना सिंह के नेतृत्व में हर वर्ष बच्चे सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं और हर बच्चे के हौसलों की रवानगी पूरे जोश पर है। बच्चों को मिलने वाली यह सफलता उनके जागरूकता की मशाल को जलाए रखती है। चर्चा के दौरान मेंटॉर शिक्षिका अंजना सिंह ने बताया की यह परीक्षा बच्चों को आर्थिक सहायता भी दिलाता है।

# गांव के विकास से ही सबका विकास



**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी, मासाभाट में मनरेगा के तहत कार्य चल रहा है। जिसमे कुल मजदूर 216 महिला एवं पुरुष कार्य में लगा हुआ है। सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने कहा कि गांव का विकास से सबका विकास होगा। राज्य सरकार द्वारा जो भी योजना आयेगा उसका पूरा लाभ गांव वालों को मिलेगा। क्योंकि गांव के ही जनता ने सरपंच, जनपद, विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री जनता से जीत कर बना है। इसलिए सरकार का योजना सभी लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर कन्हैया चौधरी, नीरज साहू, हिमांशु पटेल, देवेन्द्र देशमुख, अद्यनाथ, मोहन वासु पटेल, अशोक, कीर्ति, खिलेश्वरी, कंचन, सरिता यादव, डामेश्वरी पटेल, फूलबाई, शारदा पटेल, राधा यादव ग्राम मासाभाठ में 100 मज़दूर ग्राम आमटी में 116 मजदूर दोनों गांव में मनरेगा का कार्य चल रहा है।

### अहिल्याबाई होलकर जयंती पर हुई संगोष्ठी



**कुम्हारी।** कुम्हारी भाजपा मंडल की अहम बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक , निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, नवीन पवार, शैलेश शिंदे , कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, किसान नेता योगेश साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद आदि उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## धनोरा, खम्हरिया, पुरई व अन्य गांवों में किया जनसंपर्क दौरा

# दुर्ग ग्रामीण विस का विकास हमेशा सर्वोपरि रहा: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा, खम्हरिया, पुरई, उमरपोटी, नगरपंचायत उतई, डुमरडीह, खोपली, घुघसीडीह एवं काशीडीह में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी लिए और लोगों की मदद भी की जा रही है। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने नये लोगों को जोड़ना महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का काम करें। किसानों को अभी से खाद की समस्या आ रही है, सुसायटी में खाद नहीं मिलना पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण के लिए विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राकेश ठाकुर, अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, खुमान साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर नेताम आदि उपस्थित थे।

### पूर्व सरकार के समय शुरू हुए विकास कार्य भी बंद पड़े हुए

इस मौके पर ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास कांग्रेस पार्टी की देन है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए जो भी मांगें रखी गईं, पूर्व कांग्रेस सरकार में पूरी हुईं और क्षेत्र ने प्रगति के नए सोपान गढ़े। वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य रुक गए हैं। कोई नया कार्य नहीं हो रहा है। पूर्व सरकार के समय शुरू हुए विकास कार्य भी बंद पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य को गति नहीं दी तो दुर्ग ग्रामीण की जनता प्रतिरोध करने पर मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि वह पिछले कार्यकाल के दौरान भी लोगों की सेवा जनता के सेवक के रूप में करते रहे और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि उनका हर पल जनता की सेवा के लिए है। जनसेवा के लिए सदैव जनता के बीच तत्परता से उपलब्ध रहेंगे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में उपेक्षा का खामियाजा भुगत रहे लोको और शटिंग कर्मचारी

## बीएसपी के टीएंडडी विभाग के रेलवे ट्रैक एरिया में माल की ढुलाई करते हैं आउटसोर्स के 74 लोको

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रांसपोर्ट एंड डीजल (टीएंडडी) विभाग के लोगों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बरसात के मौसम के दस्तक देते ही यहां व्याप्त समस्याओं को लेकर कर्मियों की चिंता बढ़ गई है। लोको पायलटों के आउटसोर्स पर होने और ट्रैक ट्रांसपोर्ट एरिया की उपेक्षा का खामियाजा कर्मियों और मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी के अंदर टीएंडडी विभाग की रा मटेरियल और मशीनों के सामानों के भारीभरकम उपकरणों आदि सामग्रियों को लाने ले जाने में बड़ी भूमिका है। लेकिन प्रबंधन के इस विभाग की अनदेखी से काम करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। 74 लोको पायलट और शटिंग स्टाफ के आउटसोर्स यानी ठेके पर दिए जाने के बाद बढ़ गई है। लोको पायलटों व शटिंग स्टाफ के साथ कर्मचारियों की सुविधाओं की उपेक्षा के साथ यहां ट्रांसपोर्ट एरिया में भी कई समस्याएं फैली हुई हैं। दिन रात तीनों शिफ्ट में माल गाड़ियों के जरिए मटेरियल को ब्लास्ट फर्नेस से एसएमएस और ओर हैंडलिंग प्लांट लाने और वापसी में अन्य सामना विभिन्न शाप्स और मिलों में लाने तथा स्क्रैप को भी यार्ड में डालने आदि विभिन्न ट्रांसपोर्टिंग व लोडिंग अनलोडिंग के कार्य किए जाते हैं। इसके लिए यहां प्लांट के पंद्रह बीस किमी एरिया में घुमावदार रेलवे ट्रैक सैकड़ों किलोमीटर में बिछा हुआ है। अधिकतर पटरियों को बदला गया है लेकिन कई पुराने ट्रैक को बदले नहीं जाने से शटिंग स्टाफ को पटरी चेंज करने के दौरान दिक्कत हो रही है। लोको के डिरेल होने का अंदेशा बना रहता है। ट्रैक के किनारे घनी झाड़ियां फैली भी हैं, जिससे लकड़बग्घों, जंगली बिल्लियों व सांपों आदि का खतरा कर्मियों को बना रहता है। महीनेभर पहले यहां तेंदुआ के उत्पात से भी कर्मी सहमे हुए थे। इसके अलावा अधिकांश एरिया में घनी झाड़ियों से कर्मियों को आवाजाही व कार्य के दौरान परेशानी हो रही है। यूनियनों के मुताबिक झाड़ियों की नियमित छंटाई नहीं होने और दलदली व गड्ढों से चौतरफा समस्याएं बढ़ रही हैं। झाड़ियों की कटाई जरुरी है। बारिश में दलदली व जलभराव से ट्रैक डूब जाते हैं।

**खास बातें**

- बारिश में चारों ओर फैली झाड़ियों से व गड्ढों से बढ़ेगी समस्याएं
- पांच स्टेशन व सब स्टेशनों में कैंटीन, रेस्टरूम सहित बुनियादी सुविधाएं



### स्टाफ को नहीं मिली ठंडे पानी की बोतल


टीएंडडी विभाग के कर्मियों को गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पीने के लिए बॉटल दी जाती है। लेकिन अब तक पानी की बॉटल किसी भी कर्मी या मजदूरों को नहीं दी गई है। यूनियनों के मुताबिक अन्य समस्याओं के साथ कई बार प्रबंधन से पानी की बोतल उपलब्ध कराने की मांग की जा चुकी है। टीएंडडी के बड़े एरिया में पांच स्टेशन व कुछ सब स्टेशन हैं। इनमें मटेरियल व स्टाफ की सुविधा की दृष्टि से बुनियादी सुविधाएं नहीं होने दिक्कतें बढ़ रही हैं। रेलवे क्रासिंग पर कहीं भी फाटक नहीं होने से लोको पायलट व शटिंग स्टाफ को मालगाड़ी को रोककर नीचे उतर कर पटरी को चेंज करना पड़ता है। इस दौरान तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेस्ट रुम, कैंटीन और प्रसाधन की समस्या अलग है।

### सूनसान एरिया में चोरों से खतरा

कई किलोमीटर में फैले टीएंडडी एरिया के सूनसान जगहों पर लोको पायलट, सटिंग स्टाफ और नियमित कर्मियों को सबसे ज्यादा चोरों से खतरा होता है। जोरातराई, पुरैना व मडौदा गेट से पुरैना गेट आदि के निकट लोहा,कांपर व कोयला आदि चोर सक्रिय होते हैं। कर्मियों के मुताबिक चोर नशा किए भी होते हैं। इन क्षेत्रों सीआईएसएफ के जवान भी दूर या टावर पर तैनाते होने से कर्मियों को चोरों के हमले का खतरा सदैव बना रहता है। ठेका मजदूरों से मारपीट की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिन्हें पुलिस हल्के में लेती है। प्रबंधन को टीएंडडी और यहां काम करने वालों की समस्याओं के जल्द निदान किए जाने की जरुरत है।

---

**खबर संक्षेप**



### विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण का दिलाया भरोसा

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। इसमें जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, नालियों की सफाई, पेंशन, राशन कार्ड की समस्या की जानकारी दी। इस दौरान पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सेक्टर 1 में हुई सड़क दुर्घटना में घायल के परिजन भी विधायक देवेंद्र यादव से मिले। केरला समाजम भवन के मेंटेनेंस की भी लोगों ने मांग की। आमदी नगर में बाउंड्रीवॉल बनाने बीएसपी के कर्मचारी ने पास छीन लेने की शिकायत की। खुर्सीपार के लोगों ने बोर खनन की मांग की। देवेंद्र खुर्सीपार में सतगुरु कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव एवं सत्संग समारोह में भी शामिल हुए। सेक्टर 9 चौक से रशियन काम्प्लेक्स तक की साइक्लिंग भी की। सेक्टर 2 ग्राउंड में बच्चों संग व्हालीबॉल भी खेला। डीएवी स्कूल के फिट इंडिया मूवमेंट में उन्होंने बच्चों के संग साइकिल चलाई। वॉलीबॉल के खेल और नेशनल स्टेट खेलने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

---

## चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव

# छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में हो समाज का महत्वपूर्ण योगदान: सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/अंडा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज का अतीत गौरवशाली रहा है। समाज में क्षत्रपति शिवाजी महाराज जैसे प्रतापी शासक हुए वहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे महानविभूति, जिन्होंने देशी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज न केवल परिश्रम और स्वाभिमान का प्रतीत है, बल्कि यह समाज छत्तीसगढ़ के विकास का आधार स्तंभ भी है। छत्तीसगढ़ को नई दिशा और विकसित राज्य बनाने में यह समाज का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। मुख्यमंत्री साय रविवार को दुर्ग जिले के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक अजय चन्द्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव एवं विधायक ललित चन्द्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेती-किसानी तभी मजबूत होगी, जब किसान भाइयों को उनकी उपज की सही कीमत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के समय गारंटी दी थी कि प्रदेश में सरकार बनती है तो किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। इसे पूरा करते हुए हमने 13 लाख किसानों के खातों में 3,716 करोड़ रूपए सरकार बनते ही अंतरित किये। मोदी जी की गारंटी अनुसार छत्तीसगढ़ की किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दन्तेवाड़ा जिले में मिलेट्स, फसल, कोदो, कुट्टी और रागी की खेती को बढ़ावा देने के लिए को प्रोसेसिन संयंत्र की स्थापन की जा रही है। कार्यक्रम को विधायक अजय चन्द्राकर, विधायक ललित चन्द्राकर और बीज विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर ने भी सम्बोधित किया। चन्द्रनाहू क्षत्रीय कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद चन्द्राकर ने स्वागत उद्बोधन में केन्द्रीय महाविधवेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज का गौरवशाली इतिहास**



### 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का मिल रहा लाभ

नई औद्योगिक नीति बनायी है जिसमें प्रदेश की जरूरत के हिसाब से उद्योग की स्थापना के लिए अनेक प्रावधान किये हैं। हमारी सरकार का संकल्प है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इसी भावना से हम समाज के हर वर्ग के लिए योजना बना रहे हैं और उसे कार्यरूप में परिणित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई है। महतारी वंदना योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति माह 1000 रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है और सिलाई-कढ़ाई-सब्जी उत्पादन जैसे कार्यों से अपनी आमदनी बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल व्यवस्था की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अब जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे आम जनता को राहत मिली है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकतर कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन और समाज को बेहतर बनाने का जरिया है।

### समाज मजबूत तो राष्ट्र मजबूत

मुख्यमंत्री ने कुर्मी समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज उन्नत कृषक और व्यापारी समाज है, जो छत्तीसगढ़ की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह समाज न केवल खेती और व्यापार में अग्रणी है, बल्कि शिक्षित और संगठित भी है। उन्होंने आग्रह किया कि विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज मजबूत होता है, तो उससे पूरा राष्ट्र मजबूत होता है। शिक्षा, सेवा और जागरूकता से ही समाज और राष्ट्र का सशक्त निर्माण संभव है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि समाज को जोड़ कर सही मार्ग दिखाने वालों का समाज में हमेशा सम्मान होता है। आज समाज की नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है।

---

# भारतीय किसान संघ के प्रशिक्षण वर्ग में संगठन के विस्तार पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय किसान संघ, जिला दुर्ग का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर, सेक्टर -4 में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का प्रारंभ भारत माता, भगवान बलराम एवं भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ विशाल चन्द्राकार, प्रदेश संगठन मंत्री तुलाराम ढीवर, प्रदेश उपाध्यक्ष टेकेन्द्र चन्द्राकार, जिला अध्यक्ष लोकेन्द्र बन्छोर, जिला उपाध्यक्ष अनिल देवांगन, जिला मंत्री केदार नाथ चन्द्राकार, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी तहसीलों के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्ग के जिला कार्यवाह डॉ सुनील पटेल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 65% आबादी गांवों में रहती हैं, जो पर्यावरण, जलसंरक्षण, सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में स्वाभाविक रूप से कार्य करते हुए पूरे देशवासियों के लिए अनाज भंडार भरने का काम करती है। पश्चात प्रथम दिवस में अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ विशाल चन्द्राकार ने भारतीय किसान संघ की संकल्पना, प्रदेश संगठन मंत्री तुलाराम ने भारतीय किसान संघ की कार्यपद्धति एवं संगठनात्मक विषय, प्रदेश उपाध्यक्ष टेकेन्द्र ने भारतीय किसान संघ के आंदोलनात्मक एवं रचनात्मक कार्य एवं अंतिम सत्र में भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री नवीन शेष ने भारतीय किसान संघ की रीति-नीति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

- भारतीय किसान संघ, जिला दुर्ग का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग लगा

### जल संरक्षण की जरुरत और महत्ता पर बात

द्वितीय दिवस को प्रदेश संगठनमंत्री तुलाराम ढीवर ने ग्राम समिति की कार्यपद्धति, प्रदेश महामंत्री नवीन शेष ने भारतीय किसान संघ के उत्सव, प्रदेश के जल आयाम प्रमुख गिरधारी सागर ने जल संरक्षण की जरूरत और महत्ता पर अपनी बात रखी। समापन सत्र में जिला अध्यक्ष लोकेन्द्र बन्छोर ने संगठन के आए हुए सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में काम करने की शुभकामनाओं के साथ प्रशिक्षण वर्ग समाप्ति की घोषणा की।

---

# गिरा पेड़ पांच घंटे में हुआ पत्ती विहीन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रविवार की सुबह सुपेला घड़ी चौक के निकट फोरलेन पर अचानक एक पेड़ गिर गया। इससे कोई घायल तो नहीं हुआ लेकिन थोड़ा आवागमन जरुर प्रभावित हुआ। इस दौरान दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहा। हनुमान मंदिर के निकट व्यस्ततम सड़क के किनारे गिरे विशाल पेड़ से वाहनचालकों को आवाजाही में परेशानी होती रही। पेड़ की डालियां दोपहिया और कारों व ट्रकों आदि से टकराती रहीं। इस दौरान आवागमन में परेशानी और दुर्घटना की आशंका के बाद भी नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा आधी सड़क पर पड़े पेड़ को दोपहर तक हटवाया नही गया था। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण जिम्मेदार विभागों के लोग फेस्टिव मानसिकता में दिखे। राहगीरों ने बताया कि इस कई दौरान निगम व प्रशासन और जन प्रतिनिधि भी सड़क पर गिरे पेड़ के किनारे से गाड़ी घुमाकर गुजरते हुए आते जाते रहे। इस दौरान कुछ बच्चे सड़क पर आड़े पड़े इस पड़े पर चढ़तक उंछलकूद करते रहे वहीं बकरी आदि पालने वालों ने दोपहर दो बजे तक पत्तों से लदे पेड़ की डालियों की पूरी पत्तियां तोड़ डालीं। पांच छह घंटे में हराभरा टूटा पेड़ पत्तीविहीन एक ठूंठ में तब्दील हो गया।

- आवागमन हुआ प्रभावित बना रहा दुर्घटना का अंदेशा

---

# रेलवे कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन योजना लागू करने संघर्ष चलता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दो दिवसीय साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जोन की 37 वीं वर्किंग कमेटी की बैठक खारुन रेलवे कालोनी रायपुर रेल इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित हुआ। जो 30-31 मई को हुआ था। वर्किंग कमेटी मीटिंग के मुख्य अतिथि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जोन के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, सभा अध्यक्ष रेलवे मजदूर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बी डी प्रसाद, विशिष्ट अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग मौजूद थे। मीटिंग का शुभारंभ मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव द्वारा गांधी के प्रिय भजन रामधुन से किया। स्वागत भाषण स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं मजदूर कांग्रेस रायपुर के मंडल समन्वयक डी विजय कुमार द्वारा किया गया। एडीआरएम रायपुर बजरंग अग्रवाल ने कहा रेलवे मजदूर कांग्रेस बहुत अनुशासित रेल कर्मचारी संगठन है। प्रशासन व मजदूर कांग्रेस के बेहतर समन्वयक से रेल हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। वरिष्ठ मंडल अधिकारी रायपुर राहुल गर्ग ने कहा मजदूर कांग्रेस रायपुर के मंडल समन्वयक डी विजय रेल कर्मचारियों के हितों व रेलवे के सकारात्मक वेलफेयर कार्यों में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। सभा में एनएफआईआर व रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जब तक ओल्ड पेंशन स्कीम लागू नहीं होगा तक तक संघर्ष करने की जानकारी दी गई। 37 वी वर्किंग कमिटी मीटिंग में रेलवे मजदूर कांग्रेस ने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। बैठक में बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, भिलाई-दुर्ग डी विजय कुमार, इंदल दमाहे के साथ केन्द्रीय पदाधिकारी डी के स्वाइन , बी कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

---

# टाउनशिप में दो दिन से सिर्फ बीस मिनट मिल रहा पानी

**भिलाई।** गर्मी के मौसम में बीएसपी टाउनशिप के रहवासी बढ़ती पेयजल किल्लत की समस्या से परेशान हैं। बिजली कटौती की तरह अब उन्हें पानी की कटौती की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। शनिवार और रविवार को कुछ सेक्टरों में पंद्रह बीस मिनट पानी की सप्लाई होने से लोग यहां वहां भटकते रहे। रहवासी बीएसपी कर्मियों और यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द स्थाई समाधान की मांग की है। गर्मी के मौसम में हर साल टाउनशिप में पेयजल समस्या से लोग हलाकान होते हैं। लेकिन इस साल यह समस्या बढ़ गई है। नलों पानी की धार कम होने के साथ पिछले कुछ दिनों से जलापूर्ति की अवधि मे कम कर दी गई है। शनिवार और रविवार को सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 7 तथा सेक्टर 4 के कुछ क्षेत्रों में पंद्रह बीस मिनट ही नलो में पानी आया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुबह 7 बजे जलापूर्ति शुरु हुई और 7.15 बजे बंद कर दी गई। इस कारण लोगों को खाने पीने और निस्तारी के लिए भारी परेशान होना पड़ा। बीएसपी कर्मी और महिलाएं व बच्चे बाल्टी, गुंडी आदि बर्तन लेकर बोरिंग आदि में भटकते रहे। कुछ लोगों ने दूसरे सेक्टरों या पटरीपार में अपने रिश्तेदारों व मित्रों के घर जाकर स्नान आदि किया। यूनियनों द्वारा इसकी शिकायत मेंटेनेंस आफिस में की तो उन्हें पीएचई में जाने कहा गया । टाउनशिप में पानी की समस्या का एक बड़ी कारण नीचे के लोगों द्वारा मोटर पंप लगाकर पानी खींच लेना भी है। इससे ऊपरी माले और आजू बाजू के रहवासियों के घरों के नलों में पानी की धार पतली होती है।

### नलों में फिर आ रहा गंदा पानी

टाउनशिप मे सेक्टर 10, सेक्टर 6 और सेक्टर 7 आदि सेक्टरों में पेयजल किल्लत के साथ नलों में गंदा पानी भी आ रहा है। घरों में नल आने के समय करीब दस मिनट तक गंदा पानी आ रहा है। इसके बाद पानी थोड़ा साफ आता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मटमैले पानी के साथ बदबू भी आ रही है। पेयजल किल्लत व साफ पानी की समस्या के स्थाई निदान के लिए पचास साल पुरानी जर्जर हो चुकी पेयजल व सीवेज पाइप लाइन व टंकियों को बदले जाने की जरुरत है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले महीनेभर से रुक रुक कर इसी तरह की समस्या आ रही है। ऊपरी फ्लोर के क्वार्टरों में पानी नहीं चढ़ने से लोगों को नीचे के आवासों से मिन्नते करनी पड़ रही हैं।

- पेयजल किल्लत से लोग परेशान

---

## बीएसपी में मजदूरों के डीग्रेडेशन पर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने जताया असंतोष

# लाभार्जन में 70% योगदान के बाद भी श्रमिकों को नहीं मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने बीएसपी के ठेका मजदूरों की लंबित मांगों के जल्द निदान की मांग की है। आवास भत्ते सहित हीट एंड डस्ट एलाउंस दिए जाने पर जोर दिया है।

यूनियन की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 कार्यालय में हुई बैठक में यूनियन अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि संयंत्र में स्थाई प्रकृति के 70% कार्य ठेका श्रमिक कर रहे हैं और सेल के लाभार्जन में बीएसपी की अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं लेकिन उत्पादन उत्पादकता और लाभार्जन में काम करने वाले श्रमिकों को सुविधा नहीं के बराबर मिल रही हैं । श्रमिकों को 5% आवास भत्ता नहीं दिया जा रहा है जबकि राउरकेला स्टील प्लांट में 5% आवास भत्ता दिया जाता है ठेका श्रमिकों को उत्पादन अनुरूप मंथली इंसेंटिव, नानफाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम ,रात्रि भत्ता,आवास भत्ता,बच्चों को निशुल्क शिक्षा, मेडिकल की सुविधाएं ,हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। मजदूरों को डीग्रेड भी किया जा रहा है। 10 से 15 साल काम करने के बाद भी जो श्रमिक कुशल या अतिकुशल श्रमिक हैं, उनको अधिकारी व ठेका कंपनी भेदभाव कर कम वेतन देना पड़े करके उनका डिग्रेड कर दिया जा रहा है। उन्हें कुशल से अर्ध कुशल या अति कुशल से कुशल कर दिया जा रहा है। उनकी जगह कम कीमत पर नए श्रमिकों की भर्ती की जा रही है । जबकि उनका कार्य का अनुभव अधिक है, नए श्रमिकों को अनुभव नहीं होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका ज्यादा होती है और शिकायत करने पर किसी भी प्रकार का बहाना बनाकर काम से निकाल दिया जा रहा है। बैठक में एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को जल्द मिले पेंशन भुगतान की भी मांग की गई। अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि सभी मांगों पर पर उच्च प्रबंधन से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा एवं ठेका कंपनियों द्वारा पुराने अनुभवी श्रमिकों को निकालने की परंपरा पर रोक लगाने के लिए प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू ,जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, जय राम ध्रुव, डीपी खरे, संतोष ठाकुर, दामन लाल, नारायण, सुरेश दास टंडन, कान्हा, देवेंद्र कुमार साहू, के रामू राकेश कुमार, यशवंत कुमार, कृष्ण कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।




### मिले अनुकंपा नियुक्ति की सुविधा

बीएसपी में छोटे से लेकर बड़े कार्य का ठेका एचएससीएल कंपनी को दिया जा रहा है लेकिन सेल के सर्कुलर में जिस श्रमिक का प्रिंसिपल एंम्पलॉयर बीएसपी है प्रोजेक्ट को छोड़कर वहीं श्रमिकों को कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। पूर्व में भी निदेशक प्रभारी को पत्र दिया गया है । इस सर्कुलर के अंतर्गत एचएससीएल के ठेका में कार्यरत श्रमिकों को भी शामिल किया जाए। एचएससीएल द्वारा लिए गए ठेका कार्य का भी आईआर क्लीयरेंस बीएसपी द्वारा किया जाए ताकि ठेका श्रमिकों को उनकी पूरी वेतन एवं सुविधाएं और पूरा सीपीएफ मिल सके। एचएससीएल के ठेका में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों का अंतिम भुगतान 50 करोड़ से ऊपर की राशि एचएससीएल प्रबंधन रखी हुई है जिसे, श्रमिकों को नहीं दे रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 2 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


04



स्टाइलिश लुक के लिए कलर कॉम्बिनेशन को जरूर अपनाएं, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

लाइव इवेंट

## लोकवाद्य कार्यशाला का आज से 10 जून तक होगा आयोजन

**भिलाई।** कुहुकी एवं लोक रागिती सांस्कृतिक संस्था की ओर से संस्कृति विभाग सहयोग से दस दिवसीय लोक वाद्य कार्यशाला-शिविर का आयोजन 2 से 10 जून तक किया जा रहा है। कुहुकी कलाग्राम संग्रहालय परिसर मरोदा सेक्टर मैत्री बाग के बाजू में होने वाली इस कार्यशाला के संबंध में प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि यहां खंजेरी, तंबूरा, गतका, तुरही, चरहे, चिटकुली, कुहुकी और रूंजु आदि वाद्य बनाना कार्यशाला में सिखाया जाएगा। इसमें वाद्य यंत्र प्रशिक्षक कला गुरू कोण्डागांव, नारायणपुर, लोहारा, खैरागढ़ बालोद और बस्तर आदि स्थानों आयेंगे। इच्छुक प्रतिभागी इस कार्यशाला में शामिल हो सकते हैं।




सिटी इवेंट

## अहिल्या देवी होल्कर के जीवन चरित्र पर नाट्य मंचन की तैयारी



**भिलाई।** संपूर्ण देश में अहिल्या देवी होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती के अवसर पर उनके कर्तव्य तथा वीरता से भरे जीवन चरित्र पर नाट्य, संगीत नाट्य, चर्चा, गोष्ठी, चित्रमाला जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। देश के लगभग सभी बड़े तथा छोटे शहरों में चर्चा व गोष्ठी के साथ नाट्य मंचन भी हो रहे हैं। संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई ने उनके जीवन पर आधारित नाट्य मंचन, संगीत नाट्य तथा ख्यातिप्राप्त चित्रकारों द्वारा बनाए 55 चित्रों के रंगों से भिलाई- दुर्ग के वासियों को आनंदित करने की तैयारी की है। ताकि अहिल्या बाई के नारी उत्कर्ष, समाज हित तथा देश हित में संस्कृति से परिपूर्ण किये गए कार्यों को जानने तथा समझने का अवसर चित्रकला , नाट्य कला तथा संगीत प्रेमियों को प्राप्त हो। दो दिवसीय कार्यक्रम 7 व 8 जून को संत गजानन मंदिर हुडको के सभागृह में होगा। आर्ट कॉम के निशु पांडेय ने बताया कि मंचन 7 जून शनिवार को शाम 6:30 बजे से होगा। कलाकारों में नीलिमा सगदेव, मिनी राज, माधवी गुजर, विजय शर्मा, प्रकाश ताम्रकार, गीता दीक्षित, आशा झा, अर्चना जगम, हेमंत सगदेव, विकास पाण्डे, देवेंद्र श्रीवास्तव, पराग भोसले शामिल हैं। 8 जून रविवार को भी लोकमाता देवी अहिल्या बाई के जीवन चरित्र पर संस्कार भारती नागपुर द्वारा संगीत नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन संस्कार भारती छत्तीसगढ़ एवं संत श्री गजानन मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

लाइव इवेंट

## सेना के शौर्य को किया प्रणाम महिलाओं ने बांटा सिंदूर



**भिलाई।** सैल्यूट तिरंगा, आर्य समाज एवं सनातन संघ के नेतृत्व में राष्ट्र कल्याण तिरंगा महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मनोज ठाकरे ने किया। उन्होंने कहा कि भारत एक शक्तिशाली देश है और उसने संपूर्ण विश्व को आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया है। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि यज्ञ भारत की संस्कृति और परंपरा है। यज्ञ में पुष्टिकर रोग नाशक औषधीय की सामग्री से आहुति दी जाती है। वेदों में कहा गया है कि हम राष्ट्र के लिए बलिदान लेने वाले हो। हमारे पूर्वज रामकृष्ण, महाराणा प्रताप, अहिल्याबाई होलकर जैसे लोगों ने हमें वीरता का पाठ पढ़ाया। ऑपरेशन सिंदूर तब तक चलता रहेगा, जब तक आतंकवादी साजिशचलती रहेगी। कार्यक्रम में मनोज ठाकरे प्रशांत क्षीरसागर, डॉ लक्ष्य प्रद, किशोर कन्नौजे, अरविंद बेहरा, डॉ गणेश पांडेय नाड़ी वैद्य आदि उपस्थित थे।

## गोधा सिस्टर्स को जयपुर में मिला भारतश्री सम्मान

**भिलाई।** जयपुर में भव्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं भारत श्री 2025 सम्मान का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश से 200 विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें इंडस्ट्रियल एरिया दुर्ग निवासी प्राजक्ता गोधा की दोनों पुत्रियों साहित्यकार प्रेक्षा डॉन गोधा को उनकी लिखी पुस्तक इतिहास के पन्नों से के लिए एवं उनके साहित्यिक योगदान के लिए भारत श्री 2025 अवॉर्ड से सम्मानित किया। साथ ही उन्हें भव्या फाउंडेशन की भारत की ब्रांड एंबेसेडर घोषित किया गया। महक डॉन गोधा को उनके साहित्यिक रुझान एवं अनेक पुस्तकों में सह संपादिका का कार्य सुचारू रूप से करने के लिए तथा उनकी बास्केट बॉल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाने पर उन्हें भारत श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



● बाल समागम में बच्चों का संदेश...संत निरंकारी मिशन के बाल संतों ने दी प्रस्तुति

# गीत, नृत्य और नाटक के जरिए भक्ति, प्यार और सदभाव को किया प्रदर्शित, समाज को संस्कारवार बनाने किया जागरूक

संत निरंकारी मिशन के बाल संतो द्वारा बाल समागम में गीत, नृत्य, नाटक और अन्य विधाओं के माध्यम से संत निरंकारी मिशन का संदेश खुदा पहचान ले, तू खुद को जान ले प्रसारित किया। बच्चों के किरदार में भक्ति का भाव, प्यार और सदभाव का अनुसरण होगा तो परिवार और समाज मे आनंद का वातावरण निर्मित होगा। यही उद्देश्य और संदेश इस आयोजन का रहा। आयोजकों ने बताया कि यह बाल समागम कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होता, यह कार्यक्रम वर्ष भर बाल सत्संग में आकर बच्चो ने जो सीखा है, उसे प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम संत निरंकारी भवन दीपक नगर में संपन्न हुआ।

**भिलाई।** समागम में भिलाई दुर्ग के बच्चो ने एक स्किट के माध्यम से बताया कि सुकून की राह पर कैसे ले जाएं, स्किट में बताया गया कि परिस्थितियों को स्वीकार करना सीखें, आत्मविश्वास मजबूत रखें।इस स्किट का सार यह था कि ईश्वर पर विश्वास, सार्थक कर्म और स्वीकार्यता ही जन्नत का अहसास कराता है। सूफियाना कलाम के माध्यम से बच्चो ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। सारी संगत को भाव विभोर कर दिया। इस कलाम के माध्यम से संदेश दिया कि सद्गुरु सारे संसार में प्यार की खुशबू बांट रहा है। जामुल के बच्चों ने पंडवानी नृत्य के माध्यम से मिशन के इतिहास को कहानी के रूप में प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में विभिन्न भाषाओं का भी सहारा लिया गया। छत्तीसगढ़ी, उड़यि, सिंधी और पंजाबी भाषा के गीतों में नृत्य कर सेवा, समता और समानता का संदेश बच्चो ने दिया। कार्यक्रम में उन प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया, जिन्होंने शिक्षा व खेलकूद के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त की है।

उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने साप्ताहिक सत्संग में अपनी उपस्थिति सर्वाधिक दर्ज कराई। रायपुर से आए युवा संत गौरव देवांगन ने बाल समागम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज बच्चों के द्वारा प्रसारित संदेश संकीर्णता से ऊपर उठाता है। बच्चो ने संदेश दिया कि हम मन के बंधन में आ जाते हैं। निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज ने एक ऐसा प्लेटफार्म दिया, जहां बच्चों को न ही आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है, बल्कि सही मार्ग पर चलने की सही दिशा भी सिखाई जाती है। बच्चे इन शिक्षाओं को धारण कर अपने परिवार को अपने समाज को ज्ञान के मार्ग पर ले जाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।





### बच्चे बचपन से ही बोली, ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव सीखते हैं



जोनल इंचार्ज गुरुबख्श कालरा ने कहा कि संगत में बच्चो को लेकर आएं। बचपन से ही बच्चे सत्संग में जुड़कर व्यवहार, बोली और ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव सीखते हैं। परिवार और समाज को एक अच्छी देन देते है।सत्संग ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। संयोजक सतपाल सैनी ने कहा कि बच्चों के आध्यमिक प्रस्तुति समाज को प्यार व सदभाव का संदेश दे रही है। बाल समागम में दुर्ग भिलाई के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्र अहिवारा, उतई, चीचा, राजनांदगांव से भी बाल संतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बाल समागम संत निरंकारी सत्संग भवन दुर्ग में हजारों श्रद्धालुओ के मध्य सम्पन्न हुआ।

# गंजपारा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का फायनल मुकाबला चौहान इलेवन ने जीता

**दुर्ग।** गंजपारा वार्ड में पहली बार क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमें 6 टीम बनाकर क्रिकेट मैच का आयोजन सुराना कॉलेज मैदान में किया गया। गंजपारा प्रीमियर क्रिकेट मैच में सभी उम्र के क्रिकेट प्रेमियों ने इस टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें चौहान इलेवन एवं बालाजी सुपर किंग्स के बीच फाइनल मैच हुआ। मैच चौहान इलेवन ने जीता। चौहान इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 135 रन बनाए, जिसके जवाब में बालाजी सुपर मात्र 90 रन पर आउट हो गी। मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार कान्हा आढ़तिया को मिला। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी कान्हा रहे। गेंदबाजी का पुरस्कार मोहित पुरोहित को मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता, कुलेश्वर साहू, शिव नायक, विनित ताम्रकार, संजय कोहले, मनीष कोठारी, सरिता चन्द्राकर सहित अन्य उपस्थित थे। विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 31 हजार की नगदी के साथ ही विजेता कप एवं उप विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया। गंजपारा प्रीमियर लीग के आयोजक में ऋषि गुप्ता, चन्दन चन्द्रवंशी, मोहित पुरोहित, रेहान खान, राकेश चक्रधारी, नमन खण्डेलवाल, वंश पांडेय, शौर्य सिंह राजपूत, राहुल गुप्ता, जिशान, सुयश गुप्ता, लक्की अग्रवाल, वाशु शर्मा सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।




# पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल का हुआ सम्मान, पूर्व सीएम बघेल ने भी दी बधाई



**दुर्ग।** ननि के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के मिलने रविवार को प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल उनके निवास पहुंचे। इस दौरान बाकलीवाल को सम्मानित किया। कांग्रेस नेता धीरज बाकलीवाल को बधाई दी। बाकलीवाल के जन्मदिन पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन पद्मनाभपुर स्थित आवास में आयोजित किया गया। इससे पहले बाकलीवाल समर्थकों ने जिला अस्पताल सहित आश्रमों में फल वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। पद्मनाभपुर स्थित आवास में आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि भी पहुंचे। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा आदि मौजूद थे।

संत पवन दीवान पर संगोष्ठी, एसएसपी विजय अग्रवाल थे मुख्य अतिथि

# पवन दीवान ने माता कौशल्या गौरव अभियान की शुरुआत की, छत्तीसगढ़ी के थे महान विचारक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** संस्कृति विभाग के सहयोग से अगासदिया परिसर भिलाई में संत पवन दीवान पर केन्द्रित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्कृति एवं साहित्य से लगाव रखने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बचपन से हम संत पवन दीवान के विचारों और आन्दोलनकारी महान व्यक्तित्व से प्रभावित रहे। उनका काव्य पाठ, प्रवचन और अट्टहास हम कभी नहीं भूल पाते। वे छत्तीसगढ़ के सच्चे सपूत थे। जीवन भर वे छत्तीसगढ़ महतारी का यश गान करते रहे। उन्हें नमन करने के लिए अगासदिया संस्था के आयोजन में आना और आप सबसे मिलना एक उपलब्धि है। संत पवन दीवान अद्भुत प्रतिभा के महान व्यक्तित्व थे। समारोह में छत्तीसगढ़ के राजिम में जन्में साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा कि दीवान को हमने स्कूल में, मैदान में खेलते हुए और राजनीति करते हुए और लगातार आगे बढ़ते हुए देखा। जब वे सन्यासी बने, तब उनकी माता को हमने व्यथित होते हुए देखा। वे मुझसे तीन वर्ष छोटे थे, लेकिन वे महान कवि थे। राजिम ही नहीं छत्तीसगढ़ का गौरव संत पवन दीवान से बढ़ा।



### माता कौशल्या को लेकर चलाए अभियान में रहा योगदान

स्मिता वर्मा ने कहा कि संत पवन दीवान को हमने अपने बचपन से ही देखा औरउनका आर्शीवाद लिया। अंतिम 10 वर्ष वे माता कौशल्या अभियान में लगातार डॉ. परदेशीराम वर्मा एवं कलाकार महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू सहित बहुत सारे समर्थक साथियों के साथ अभियान में लगातार गांव-गांव घूमते रहे। कौशल्या गौरव अभियान के वे प्रथम संस्थापक अध्यक्ष थे। वे अद्भुत कवि, महान विचारक थे। मनहरण साहू ने कहा कि माता कौशल्या अभियान के तहत दो दिवसीय सार्थक मंचीय समारोह मेरे गांव बोरसी में हुआ। संत पवन दीवान स्वयं दोनों दिन गांव में आए। उन्हें छत्तीसगढ़ पूजता है। पूजता रहेगा। वे महान संत थे। शिक्षाविद रजनी नेल्सन ने कहा कि संत पवन दीवान हमारे नेलशन कलागृह में लगातार आकर आशीर्वाद देते थे।

### कविताओं का भी वाचन, संगोष्ठी में युवाओं को किया प्रेरित

बाल साहित्यकार एवं चिंतक कमलेश चंद्राकर ने आभार व्यक्ति करते हुए संत पवन दीवान की प्रमुख कविताओं में निहित छत्तीसगढ़ के गौरव गान, इतिहास और संस्कृति के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि उनकी कविताएं पीढ़ियों को प्ररित करती रहेंगी। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी कलाकार संदीप चक्रवर्ती, डामन लाल साहू, नीतीश, शायर अब्दुल कलाम, श्रीमती मधु वर्मा, प्रतिभा वर्मा, श्रीमती यमुनोत्री, अंतरा, खुशबू, दक्ष कुमार, रमन खोब्रागड़े, अरूण अग्रवाल, चितरंजन साहू, सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। संचालन महेश कुमार ने किया। अतिथियों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिंह एवं पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया।

### दीवान ने छग महतारी के लिए जीवन किया समर्पित

संयोजक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि संत पवन दीवान ने छत्तीसगढ़ की एक जाति छत्तीसगढ़ी यह महान विचार दिया। उन्होंने जीवन ही छत्तीसगढ़ महतारी के लिए समर्पित कर दिया। स्वाभिमान छत्तीसगढ़ी आन बान छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर अभिमान माता कौशल्या का गौरव गान उन्होंने हमें सिखाया। उन जैसे महान सपूत एवं भाषा संस्कृति के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले व्यक्तित्व पर और लगातार काम होना चाहिए। संस्कृति विभाग ने उनके उपर केन्द्रित व्यक्ति और विचार पुस्तक प्रकाशित किया जिसके संपादन संकलन का सौभाग्य मुझे मिला। राहुल सिंह इस प्रकाशन के सूत्रधार थे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए हम संस्कृति विभाग के आभारी हैं। राजेन्द्र साहू महन्त अंतराम एवं श्रीमती संतोष झांझी ने संत पवन दीवान की कविताओं का पाठ किया। सबने सस्वर काव्य पाठ कर समां बांधा। स्वयं सिद्धा संस्था की अध्यक्षा साहित्यकार डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने आयोजकीय वक्तव्य दिया।

## सिटी इवेंट

# माता रमाई के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प, मनाई गई पुण्यतिथि




**भिलाई।** भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पत्नी त्यागमूर्ति माता रमाई की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन कोसा नगर बुद्ध भूमि में किया गया। यहां स्थापित रमाबाई भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर तथा पुष्प अर्पित कर उपस्थित लोगों ने विनम्र आदरांजली अर्पित की। उपस्थित लोगों ने माता रमाई के त्याग का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने इस अवसर पर माता रमाई के त्याग साहस और बलिदान को याद किया। भिमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके ने कहां कि माता रमाई ने समाज के उत्थान के लिए अपने बच्चों का बलिदान दिया। उनके इस उपकार के लिए आंबेडकरी समाज हमेशा ऋणी रहेगा। सचिव कोमल चंद्रिकापुरे ने कहा कि माता रमाई भारत की प्रथम महिला थी जिन्होंने अपने पति को विदेश में पढ़ने के लिए लकड़ी और गोबर के कंडे बेच कर पैसे भेजें। श्रावस्ती रामटेक ने माता रमाई के द्वारा बाबा साहब को दिए गए संपूर्ण सहयोग का वर्णन किया। माता रमाई के समाज कल्याण को याद करते हुए डॉक्टर उदय धाबर्डे ने अपने उद्बोधन में कहा कि गरीब बच्चों के वसतिगृह (हॉस्टल ) में बच्चों की पढ़ाई और उनके खाने के लिए माता रमाई ने अपने सोने के कंगन दान में दे दिए थे। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

- कोसा नगर बुद्ध भूमि में हुआ आयोजन



## लाइव इवेंट

# रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर महिलाएं हुई सम्मानित

**दुर्ग।** रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत बोरी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान समाधान शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदान की गई। शिविर के विशेष आकर्षण के रूप में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में धमधा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों से सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदान की गई, जबकि विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र नागरिकों को राशन कार्ड, पेंशन, जॉब कार्ड प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया और कुछ प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। ग्रामीणों में शिविर को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। अंतिम दिन होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस अवसर पर एसडीएम सोनल डेविड, जनपद सीईओ किरण कौशिक, जनपद पंचायत अध्यक्ष लोमन साहू, उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, सरपंच टेकेश्वर देशमुख, सचिव डामन जोशी, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों ने सक्रियता से भाग लेते हुए आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनी।

## समाज इवेंट

# मनाया गया कबीर प्राकट्य महोत्सव, निकली शोभायात्रा



**भिलाई।** ग्राम बागडूमर के कबीर आश्रम में सभी संतो और भक्तों के द्वारा बड़े ही धूम धाम से कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कबीर साहेब के अनुयायियों दवरा शोभायात्रा निकाली गई। जो क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से होत हुए वापस आयोजन स्थल पहुंची। इस दौरान जगह-जगह प्रसाद व शरबत बांटे गए। जिसमें कबीर आश्रम इरईकला से विजय साहेब और नया पारा राजिम से शिव साहेब उपस्थित थे। साथ ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिक दामिनी साहू सरपंच, खेलन साहू, दयादास साहू, राजू साहू, नितेश साहू, लाकेश साहू, अमित साहू पंच, शुभम साहू, तरुण साहू, दीपेश साहू,मोहिनी साहू, तुमन बत्ती साहू उमा साहू, गंगा साहू, रितु साहू,हेमलता साहू,विनीता साहू, आदि उपस्थित रहे।

● गायत्री दीप यज्ञ और नाट्य की प्रस्तुति में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# राष्ट्र सेविकाओं ने शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक क्षमता का किया विकास और देशभक्ति गीतों की अन्ताक्षरी के साथ हुआ शौर्य प्रदर्शन

**भिलाई।** 90 वर्ष के पूर्णता की ओर अग्रसर राष्ट्र सेविका समिति के ग्रीष्मकालीन प्रवेश वर्ग शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, सेक्टर चार, भिलाई- दुर्ग में किया गया था। जिसका विधिवत समापन हुआ। इस शिविर में छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र से नामांकित 102 शिक्षार्थियों ने 15 दिनों तक अपने वर्ग में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक क्षमता में निखार लाने सभी अभ्यास किया साथ ही देशभक्ति गीतों की अन्ताक्षरी, गायत्री दीप यज्ञ, ध्यान योग, गण-गीत प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, नाट्य प्रस्तुति के दवरा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। राष्ट्र सेविका समिति के छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रवेश वर्ग के समापन अवसर पर प्रमुख संचालिका शांता कुमारी और छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार रजनी रजक उपस्थित थी। समापन समारोह की शुरुआत सरस्वती गवेल ने वर्ग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ विभागों से 102 प्रशिक्षिकाओं नें जिनमें चार जोड़ी माँ-बेटी और दो जोड़ी बहनें, गुरुकुल पद्धति के आधार पर सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक विविध प्रकार से अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए स्वावलंबन और रक्षक बनाने के लिए प्रतिदिन कठिन साधना की है। मुख्य शिक्षिका शारदा चन्द्रा और मनिषा दहिवेले के साथ सह शिक्षिका नियति, सत्या, तारुणी, वैशाली, डिम्पल ने शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता को आकार दिया।



### राष्ट्र सेविका समिति के कार्यशैली की हुई सराहना

मुख्य अतिथि रजनी रजक ने प्रशिक्षण प्राप्त तेजस्वी बेटियों के मात्र 15 दिन में प्रशिक्षित हो, आत्मविश्वास से भरे शौर्य प्रदर्शन और निस्वार्थ भाव के साथ राष्ट्र के लिए सिद्ध करने वाली राष्ट्र सेविका समिति की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने सुखों का त्याग कर \₹राह कठिन है पर सफलता निश्चित\₹ का भाव ले बेटियों के बढ़ते कदम के कारण ही आज समृद्धि की ओर बढ़ता भारत- आत्मनिर्भर भारत है।

### रोज सुबह और शाम को हुई बौद्धिक चर्चा और कार्यशाला



विविध बौद्धिक सत्रों में बौद्धिक, चर्चा, कार्यशाला, गीता पारायण, बोध कथा, समाचार वाचन, श्लोक शुद्ध उच्चारण, गीत गायन, अमृत वचन कथन का प्रशिक्षण दिया गया। शारीरिक सुदृढ़ता के लिए प्रतिदिन योग अभ्यास, दंड, यष्ठी, योग चाप, नियुद्ध, पद-विन्यास और संचलन सिखाए गए। सुबह और शाम स्मरण के साथ-साथ भजन संध्या, देशभक्ति गीतों की अन्ताक्षरी, गायत्री दीप यज्ञ ध्यान योग, गण-गीत प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, नाट्य प्रस्तुति, भारत माता की आरती, भोजनम्, ध्यानयोग इत्यादि आयोजनों में बालिकाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता दिखाई। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षिकाओं को पहले दिन से ही एक-एक पौधे वितरित किए गए। जिसे 15 दिनों तक निरंतर पोषित कर वे अपने साथ ले जाकर घर में रोपित किया। सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए सभी बालिकाओं ने दो दिन साईं नगर एवं अन्य दो गैर सरकारी संगठनों में अपनी सेवाएँ दी।

### निस्वार्थ भाव से निरंतर राष्ट्र की चिंता करे- शांता कुमारी

इस अवसर पर प्रमुख संचालिका शांता कुमारी ने समिति की सभी सदस्याओं और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि निस्वार्थ सेवा का दूसरा नाम ही माँ है। माँ गंगा 10 दिनों तक अविरल बहकर गंगा दशहरा के दिन पृथ्वी पर पहुँची थी। आप सभी वर्ग के 15 दिनों के निरंतर साधना के बाद अपने परिवार और समाज में वापस जा रहीं हैं। गंगा की तरह ही निस्वार्थ भाव से निरंतर राष्ट्र की चिंता करना। हमारी भारत माता हमें निस्वार्थ भाव से पोषित और पल्लवित करती है। हम मातृशक्तियों को भी समाज एवं राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना है। भारत के सामर्थ्य का हमें संरक्षण करना होगा। धर्म, संस्कृति, परंपरा को अपने आचरण में प्रत्यक्ष लाने से ही संरक्षण संभव है। शक्तियों के गलत हाथों में जाने से दूर्वृत्ति और दुराचार का प्रसार होता है। सहनशक्ति के साथ ही विरोध शक्ति भी आवश्यक है और इसके लिए सामर्थ्य के साथ संगठन की आवश्यकता है। सबसे पहले हमें स्वयं जागृत होकर अपने मूल सिद्धांतों का पालन करना होगा। समाज में देशभक्त नागरिक निर्माण हो ऐसा प्रयास करें। संकल्पित परिवार होगा तभी तेजस्वी हिंदू राष्ट्र का पुनर्निर्माण होगा।कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह घोष प्रमुख प्राची सुभाष पाटिल और प्रांत कार्यकारिणी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सीमा शर्मा व करुणा सिंह और आभार व्यक्त विभाग कार्यवाहिका राखी विश्वास द्वारा किया गया।



## आयोजन...

# भारतीय विरासत को आत्मसात करने के लिए भारतीय भाषाओं का ज्ञान जरूरी : मिश्र

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन बच्चों को आंध्र प्रदेश के विजयनगर की गौरवशाली इतिहास और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत की दी जानकारी गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि भारतीय विरासत को आत्मसात करने के लिए भारतीय भाषाओं का ज्ञान जरूरी है। भाषाएं हम सबको जोड़ती है। भारत की एकता और अखंडता में भारतीय भाषाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। ग्रीष्मकालीन शिविर के छठवें दिन प्राथमिक शिक्षिका एस वी एस गायत्री ने दक्षिण के कृष्णदेव राय साम्राज्य विजयनगर एवं वहाँ के शासकों के बारे में प्रकाश डाला। बच्चों को विजयनगर की संस्कृति, परंपरा, मंदिरों आदि से अवगत कराया गया। श्री कृष्णदेवराया तेलुगु भाषा एवं तेलुगु साहित्य से बहुत प्रभावित थे। तेनाली रामाकृष्ण उनके अष्टदिग्गजों में से एक थे जो 'विकट कवि' नाम से प्रसिद्ध हैं। श्री कृष्ण देव राय की विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद कुतुब शाही साम्राज्य का आगमन हुआ। जिन्होंने हैदराबाद में चारमीनार और हुसैन सागर झील बनवाया। बच्चों ने काकतीया शासन काल में निर्मित प्रसिद्ध गोलकुंडा किले के बारे में भी जाना। बच्चों को वीडियो के जरिए दक्षिण गंगा यानी गोदावरी और कृष्णा नदी के उद्गम और अंत, उनकी शाखाएं, उन पर बने हुए बांध, राष्ट्रीय उद्यान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने आंध्र की संस्कृति एवं इतिहास जानने और तेलुगु भाषा सीखने में दिलचस्पी दिखाई । कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर राखी श्रीवास्तव, डॉ अजय आर्य एवं सतीश धीवर थे। कार्यक्रम के प्रभारी रामाशीष चौहान ने सभी का धन्यवाद किया।



- विजयनगर की गौरवशाली इतिहास और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत की दी जानकारी

## आपदा से निपटने लेंगे ट्रेनिंग

# जिले के स्काउट-गाइड कैडेट्स ट्रैकिंग सीखने पचमढ़ी रवाना



**भिलाई।** स्कूल शिक्षा विभाग के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग.द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरण व्यक्तितव विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशानिर्देश में स्काउड-गाइड का दल ट्रैकिंग सीखने पचमढ़ी रवाना हुआ।

राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिलाध्यक्ष अशोक देशमुख, मुख्य आयुक्त जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा इन कैडेट्स का उत्साहवर्धन करने पहुंचे। जिले से स्काउट रोवर 9, गाइड रेंजर 9 एवं 2 प्रभारी कुल संख्या 20 रवाना हुए। टीम में प्रभारी अनिल कुमार साहू, श्वमीन बंजारे जुनवानी, हिमांशु, हर्ष कुमार देशमुख, ओमप्रकाश वर्मा, जतिन, युवाक साहू, सिद्धार्थ, रूपेन्द, करण साहू, प्रणम्य दुबे, डिम्पल यादव, तनिष्का साहू, वीणु चन्द्राकर, माया साहू, टुकेशवरी चौहान, रूचि विश्वकर्मा, एकता पार कर, टुकेशवरी, सुभी यादव आदि शामिल हैं।

संजय बोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कैडेट्स को प्रशिक्षण मिलता है, जो आपदा की स्थिति में लोगों के सहयोग के लिए उपयोगी साबित होता है। कैडेट्स को छोड़ने बालक दास राऊत, अमिता हरमुख, रितेश ताम्रकार, अमृत राव स्टेशन पहुंचे थे।

## एक सप्ताह का समर कैंप आत्मानंद स्कूल चरोदा में हुआ आयोजित

# बच्चों ने सीखा जापानी कला ओरिगामी देशभक्ति व प्रादेशिक गीतों से हुए भाव-विभोर



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बच्चों को शिक्षा की प्रक्रिया से सतत रुप से जोड़ने की दृष्टि से एक सप्ताह का समर कैंप सेजस चरौदा में विभागीय निर्देश पर प्रारंभ किया गया है। इस दौरान बच्चों को जापानी कला ओरिगामी द्वारा फोटो एल्बम, सूर्यमुखी फूल पर आधारित ग्रीटिंग कार्ड का प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। प्राचार्य जे.पी. श्याम, लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक रेणु मोहंती के सहसंयोजन में आयोजित समर कैंप के चौथे दिन बच्चों को कला शिक्षक लाखेश्वर साहू द्वारा देशभक्ति गीतों सहित हिन्दी, पंजाबी, मराठी, गुजराती तेलुगू प्रादेशिक गीतों की जानकारी दी गई।



### लोकगीतों से भाव-विभोर हुए बच्चे


साथ ही छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की परंपरा में माता सेवा, जस गीत, पंथी, करमा आदि का सस्वर गायन बच्चों की सहभागिता से कराया गया।इसमें बच्चे अत्यंत भाव-विभोर होते हुए लोकगीतों में समाहित सांस्कृतिक तत्वों, एकता, विविधता और उनमें सरस भावनाओं को समझने का प्रयास किया। इनके साथ कला शिक्षक विमल कुमार विश्वकर्मा ने तबले में संगत किया।

### प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने सीखा ग्रीटिंग कार्ड बनाना

वहीं क्षेत्र के युवा व कुशल तबला वादक भूपेंद्र साहू के शिष्य निर्मलकर ने तबला में कहरवा, झपताल, तीन ताल, दादरा, टप्पा आदि का वादन कर बच्चों का ध्यान भारतीय कला को आत्मसात करने की ओर आकर्षित किया। प्रशिक्षण सत्र में देवेंद्र कुमार बंछोर व्याख्याता पुरैना ने जापानी कला ओरिगामी द्वारा फोटो एल्बम, सूर्यमुखी फूल पर आधारित ग्रीटिंग कार्ड का प्रायोगिक अभ्यास कराया। भाषा शिक्षण सत्र में आर. लक्ष्मी ने तेलुगू,सरिता वैद्य ने मराठी, राम कुमार वर्मा ने छत्तीसगढ़ी व घुमंतू जातियों की भाषा वागरी का प्रायोगिक अभ्यास कराया। कैंप में बच्चों को क्षेत्रीय लोक नृत्यों का अभ्यास कराने में शिक्षिका गीतिका पटेल, पारुल पांडेय, दीक्षा सोनवानी, दीपशिखा पाटनवार, सुजाता नहर आदि ने सक्रियता से सहयोग किया। बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने के लिए एसएमडीसी अध्यक्ष विश्वनाथ सिन्हा, अपर्णा दास, अंकिता बेनर्जी, धीरेंद्र कुमार प्रसाद, सुब्रतो दास सहित पालकों ने समर कैंप की सरहाना की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय तैराकी स्पर्धा 8 को, ऑनलाइन इंट्री 4 तक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन एवं जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तैराकी टाइम ट्रायल का आयोजन इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में 8 जून को सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। इस चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन से संबद्ध जिला/ईकाई की सीनियर पुरूष एवं महिला टीम भग लेगी। टाइम ट्रायल में चयनित खिलाड़ी भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 22 से 26 जून को आयोजित 78वीं सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेंगे। टाईम ट्रायल में भाग लेने हेतु अपने जिले/ संस्थान के सीनियर पुरूष एवं महिला टीम की ऑनलाईन इंट्री 04 जून तक छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के वेबसाइट में करना होगा। भारतीय तैराकी महासंघ के नियमानुसार (पुरूष एवं महिला) वर्ग में एक खिलाड़ी अधिकतम 05 व्यक्तिगत इवेन्ट में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सभी खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य है। एक इवेन्ट में जिला / ईकाई से अधिकतम दो खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों के लिये वार्षिक पंजीयन शुल्क रूपये 750/- प्रति खिलाड़ी होगा. प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इवेन्ट शुल्क रूपये 50/- प्रति इवेन्ट प्रति खिलाड़ी होगा। राज्य स्तरीय तैराकी टाईम ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 14 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। प्रतियोगियों के अलावा प्रत्येक वर्ग में केवल प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक, कुल – 02 ऑफिशियल ही भाग ले सकते हैं।

### पांचवे चक्र की समाप्ति पर रजनीकांत ने बनाई बढ़त



**रायपुर।** विप्र महाविद्यालय में जारी आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगोता में 5 वें चक्र में पहले टेबल पर रायपुर के क्षितिज शर्मा व दुर्ग के यशद के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला। सफेद मोहरों से खेल रहे यशस्व ने नॉर्मल किंग पॉन से मैच की शुरुआत की जिसमें अंत में बाजी ड्रॉ पर छूटी।

दूसरे टेबल पर सफेद मोहरों से खेलते हुए कोंडागांव के रजनीकांत बख्शी ने मैच की शुरुआत से ही पोजीशनल एडवांटेज बनाए रखा और ऑपोजिट कलर बिशप के एन्ड गेम में शानदार कॉम्बिनेशन के साथ जीत और प्रतियोगिता में एकल बढ़त हासिल की। तीसरे टेबल पर यशद बम्बेश्वर की बाजी बराबरी पर छूटी। प्रतियोगिता निर्देशक जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद अवधिया है। मुख्य निर्णायक फिडे ऑर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव व डिप्युटी चीफ फिडे ऑर्बिटर रॉकी देवांगन तथा सहायक निर्णायक के रूप में सीनियर नेशनल ऑर्बिटर ओम प्रकाश वन्दे, चंदन साहू, श्रीमती हेमा नागेश्वर व अनूप झा है।

### नेशनल एथलेटिक्स के लिए राज्य चयन ट्रायल 8 को



**रायपुर।** एथलेटिक्स फ़ैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 23वीं नेशनल जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज मे 22 से 24 जून तक आयोजित किया जाएगा

जिसके लिए छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया (ट्रायल) का आयोजन 08 जून (रविवार) को बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम, बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में 24 जून 2005 से 25 जून 2009 के मध्य जन्मे जूनियर एथलीट ही भाग ले सकते हैं। जिसमे 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी, 1500 मी, 3000 मी, 5000 मी, 110 मी हर्डल्स, 400 मी हर्डल्स, हाई जम्प, लॉंग जम्प, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, ट्रिपल जम्प, हैमर थ्रो, 10 किमी रेसवॉक, 3000 मी. आदि इवैंट मे एथलीट भाग ले सकते है। यह ट्रायल एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन एवं मानकों के अनुरूप आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए एएफआई यूआईडी अनिवार्य है एवं ऑनलाइन पंजीयन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों एवं संबद्ध इकाइयों से लगभग 450 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, प्रबंधक, तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। संघ द्वारा सभी जिला इकाइयों से पात्र खिलाड़ियों को उक्त चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु जानकारी प्रदान कर रहे है।

---

#### तनाव का सीधा संबंध है पाचन से, आज ही से सुधारें इस गड़बड़ी को

# पाचन की समस्या की जड़ में छिपा है आपका तनाव, जल्द मुक्ति पा लें तो रहेगी तबीयत भी ठीक

आज के समय बहुत से लोग मानसिक तनाव से परेशान रहते हैं। एक स्टडी के मुताबकि मानसिक तनाव का सीधा संबंध पाचन क्रिया से होता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि इससे बचने के क्या उपाय हैं?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में पाचन संबंधी समस्याएं आम हो गई हैं। पेट दर्द, अपच, कब्ज और गैस जैसी परेशानियां हर उम्र के लोगों को सता रही हैं। गर्मी के मौसम में तो ये दिक्कतें और भी बढ़ जाती हैं। पाचन संबंधी समस्याओं के पीछे कई कारण हो सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसका एक बड़ा कारण मानसिक तनाव भी है। जी हां, एक स्टडी के अनुसार, हमारे मस्तिष्क का आंतों से सीधा और गहरा संबंध होता है, यानी पाचन क्रिया और मानसिक तनाव आपस में जुड़े हुए हैं। तनाव हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में स्ट्रेस हार्मोन जैसे कॉर्टिसोल और एड्रेनालाइन का स्तर बढ़ जाता है। इन हार्मोनों का सीधा असर हमारी पाचन क्रिया पर पड़ता है, जिससे पेट में ऐंठन और अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, लंबे समय तक तनाव में रहने से आंत में बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ता है, जिससे पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है।



गर्मियों में यह समस्या और बढ़ जाती है। उच्च तापमान और डिहाइड्रेशन के कारण शरीर पहले से ही तनावग्रस्त होता है। ऐसे में अगर आपकी दिनचर्या अनियमित है, खान-पान अनहेल्दी है, या आप मानसिक तनाव में हैं, तो पाचन संबंधी दिक्कतें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, तनाव के कारण नींद की कमी भी पाचन तंत्र को प्रभावित करती है, जिससे दिनभर थकान और एकाग्रता में कमी महसूस होती है।

### क्या करें?

सबसे पहले, तनाव को कम करने की कोशिश करें। रोजाना 10-15 मिनट का ध्यान या गहरी सांस लेने का अभ्यास तनाव को कम करने में मदद करता है। योग और हल्का व्यायाम, जैसे सुबह की सैर, भी फायदेमंद है। इसके साथ ही, अपनी डाइट पर ध्यान दें।



पाचन को बेहतर बनाने के लिए दही को अपनी डाइट में शामिल करें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स आंत के स्वास्थ्य को ठीक रखते हैं। खाना खाने के बाद एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू डालकर पीना पाचन को अच्छा रखने में मदद करता है।



खान-पान के साथ-साथ जीवनशैली में बदलाव भी जरूरी है। रात को सोने से 2-3 घंटे पहले खाना खा लें और कोशिश करें कि रात की नींद पूरी हो। ज्यादा फैट वाले भोजन, फास्ट फूड, और गैस युक्त पेय पदार्थों से बचें। दिनभर में 2-3 लीटर पानी पीकर शरीर को हाइड्रेटेड रखें। अगर पाचन की समस्या लंबे समय तक बनी रहे, तो डॉक्टर से सलाह लें, क्योंकि यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है।

---



## 40 की उम्र के बाद भी बने रहेंगे तंदुरुस्त अपनाएंगे अगर सेहत से जुड़ी कुछ टिप्स

40 साल की उम्र वो पड़ाव होता है, जब शरीर में कई शारीरिक समस्याएं और स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा बढ़ जाता है। एक्सपर्ट का कहना है, कि इस उम्र के बाद आपको काफी संभलकर रहना होता है। यंगस्टर्स तो फिट रहने के लिए हेल्दी और क्लीन डाइट,रनिंग,साइकिलिंग, जिम जाकर वर्कआउट करना ,जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से दूर रहना और योग करना आदि कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन 40 के आसपास की उम्र वाले लोग पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण लाइफ स्टाइल को उतना एक्टिव नहीं रख पाते, जितना उन्हें रखना चाहिए। अगर कोई भी अपने शरीर और स्वास्थ पर पहले से ही काम करना शुरू करे, तो 40 की उम्र के बाद अधिक मेहनत की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जो 40 की उम्र के बाद भी फिट रहने में आपकी मदद कर सकते हैं।

### स्ट्रेंथ पर करें काम



हमारी उम्र के साथ मांसपेशियों का निर्माण और रखरखाव हमारी हड्डियों को मजबूत रखने का एक महत्वपूर्ण घटक होता है। वहीं, मांसपेशियों का द्रव्यमान उम्र बढ़ने के साथ कम होने लगता है, इसलिए रेजिस्टेंस ट्रेनिंग यानी वेट ट्रेनिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए, अभी से ही वेट ट्रेनिंग को डेली रूटीन में शामिल करें, ताकि आगे चलकर आपको कोई समस्या न हो।

### मसल्स फ्लेक्स पर दें ध्यान

40 साल से अधिक उम्र के लोग हर साल अपने मसल्स का लगभग 1 प्रतिशत हिस्सा खो देते हैं। इसलिए 40 साल से अधिक उम्र के लोगों को जरूरी है कि वे मसल्स को फ्लेक्स करें। इसके लिए तेज चलना और फिर हल्के वजन से वेट ट्रेनिंग करना काफी फायदेमंद हो सकता है। लेकिन अगर आप अभी 40 के नहीं हुए हैं, तो मसल्स फ्लेक्शन पर ध्यान दें, ताकि आगे चलकर कोई प्रॉब्लम न आए।

### जंक फूड अवॉइड करें

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितने साल के हैं। हर उम्र में एनर्जी की कमी, सुस्ती आदि जैसे समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप अभी जंक फूड खा रहे होंगे तो इसका असर आपको आलस, वेट गेन के रूप में दिखेगा। लेकिन जब उम्र बढ़ने लगेगी, वैसे-वैसे इसके अधिक प्रभाव आपको देखने मिलेंगे। आप यह बात तो जानते ही होंगे कि जंक फूड खाने से शरीर को कितनी सारी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। अगर आप बढ़ती उम्र में भी फिट और स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो जंक फूड को खाना बंद कर दें।

### फाइबर का सेवन करें

जब आप छोटे थे, तो हो सकता है कि वजन बढ़ाए बिना जो चाहें खा सकते थे। क्योंकि कम उम्र में शारीरिक एक्टिविटी अधिक हो सकती हैं।



---

## इस तरह से बनाएंगे चावल तो हर दाना रहेगा खिला-खिला

यदि आपके चावल भी आपस में चिपक जाते हैं तो हमारे बताए तरीके से चावल बनाएं। इससे एक-एक दाना खिला-खिला बनेगा।

### भिगोना है जरूरी

यदि आप एकदम खिला-खिला चावल बनाना चाहते हैं तो उसे भिगोना बेहद जरूरी है। चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगो दें। ऐसा कहा जाता है कि भिगोने से चावल मुलायम होता है और पकने पर दाने फटते नहीं। भीगे हुए चावल कम पानी में पक भी काफी जल्दी जाते हैं।

### पानी का अनुपात रखें सही

चावल बनाते समय यदि आप पानी का अनुपात ज्यादा कर देंगे तो चावल घुट जाएंगे, वहीं अगर पानी कम रह जाएगा, तो चावल कच्चे रह जाएंगे। कच्चे चावल खाने से पेट खराब होने का डर भी रहता है। इसलिए चावलों में पानी हमेशा नाप कर ही डालें। जैसे कि एक कप बासमती चावल पकाने के लिए 1.5 से 2 कप पानी की जरूरत पड़ेगी।

### बार-बार ढक्कन न खोलें

यदि आप बार-बार चावलों का ढक्कन खोलकर देखेंगे तो इससे भी चावल सही से नहीं पकेंगे। बार-बार बर्तन का ढक्कन खोलने से कई चावल अंदर से अधपके रह जाते हैं और चिपक जाते हैं, जो खाने में अजीब लगते हैं।

### दम लगाना है जरूरी



यदि चावल बना रहे हैं तो समय होने के बाद उसे तुरंत न खोलें। चावल में यदि कम से कम 10 मिनट दम लगेगा तो ये ज्यादा खिले-खिले बनते हैं। यदि पतीले में चावल बना रहे हैं तो जब पानी पूरी तरह सूख जाए, तो गैस बंद कर दें और चावल को 10 मिनट तक ढक्कन बंद करके रख दें।

### चावल हो पुराना

ये सबसे जरूरी बात है, क्योंकि नया चावल कभी भी खिला-खिला नहीं बनता है। चावल जितना पुराना होगा, उतना ही अच्छा बनेगा। इसलिए यदि नया चावल लाए हैं, तो ये बात जहन में बैठा लें कि वो थोड़ा चिपकेगा ही। बस ऊपर दी गई बातों को ध्यान में रखकर आप इन्हें थोड़ा अच्छे से पका सकती हैं।

---

## घर में बेलपत्र का पौधा लगाना है तो जान लें वास्तु के नियम

बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है।



### वास्तु की दृष्टि से बेल के पेड़ का महत्व

वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधों का घर में स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्येक पौधा न केवल पर्यावरण को सुंदर और हरा-भरा बनाता है, बल्कि यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। यह ऐसे ही पौधों में से एक है जो घर में शुभता और समृद्धि लाने का काम करता है। यह घर में सुख, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पेड़ घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का कार्य करता है। यह वातावरण को शुद्ध करता है और घर में शांति और समृद्धि को बढ़ाता है।

### क्या घर में बेल का पौधा लगाना ठीक है?

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए।

---

**कार्नर न्यूज**

#### अकेलापन आपकी मानसिक सेहत को भी करता है प्रभावित

# घर से दूर रहने पर होता है अकेलेपन का एहसास, इससे बचने के लिए खुद को रखें व्यस्त

अकेले रहना आत्मनिर्भरता सिखाता है लेकिन कई बार अकेलापन मन पर हावी हो जाता है। अगर आप भी अकेलेपन से जूझ रहे हैं तो इन उपायों को अपनाकर खुद को सकारात्मक बनाए रख सकते हैं।

परिवार और घर किसी भी व्यक्ति के जीवन में बेहद जरूरी होता है लेकिन पढ़ाई या नौकरी के कारण अक्सर लोग अपने घर परिवार से दूर रहने लगते हैं। इस दौरान उन्हें होम सिकनेस यानी घर की याद आती है। अकेले रहना आज के दौर में आम हो गया है, खासकर पढ़ाई, नौकरी या किसी और कारण से घर से दूर रहने वालों के लिए। हालांकि अकेले रहना आत्मनिर्भरता सिखाता है लेकिन कई बार अकेलापन मन पर हावी हो जाता है। अगर आप भी अकेलेपन से जूझ रहे हैं तो इन उपायों को अपनाकर खुद को सकारात्मक बनाए रख सकते हैं।

### रूटीन को अपनाएं

दिनचर्या को संतुलित रखने से मन व्यस्त रहता है और बेवजह की सोच से बचा जा सकता है। इसलिए एक रूटीन बनाएं और इस रूटीन के मुताबिक खुद को व्यस्त रखें।

### घर की सजावट



एक साफ-सुथरा और मनपसंद माहौल आपको मानसिक सुकून देता है। जिस स्थान पर आप रह रहे हैं, उसे व्यवस्थित रखें और इसकी सजावट उसी तरीके से करें जैसे घर को सजाया जाता है।

### नई हॉबी अपनाएं

खुद को व्यस्त रखने और आत्मनिर्भर बनने के लिए नई हॉबी को अपनाएं। कुकिंग, पेंटिंग, म्यूजिक या कोई ऑनलाइन कोर्स जैसे कुछ नया सीखना आत्मविश्वास बढ़ाता है।

### दोस्तों और परिवार से जुड़े रहें

हर दिन कुछ देर अपनों से फोन या वीडियो कॉल पर बात करें। ये आपके अकेलेपन को काफी हद तक कम कर सकता है।

### योग करें

मानसिक शांति और ऊर्जा के लिए ध्यान और योग बेहद लाभदायक हैं। अकेलापन महसूस हो



### लोगों से मेलजोल बढ़ाएं

पड़ोसी, ऑफिस या आस-पास के लोगों से मिलते रहें, यह सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने में मदद करता है।

### पेट्स अपनाएं

पालतू जानवर आपके अकेलेपन के साथी बन सकते हैं और घर को जीवंत बना देते हैं। खुले वातावरण में टहलना या पार्क में कुछ वक्त बिताना मूड को बेहतर बनाता है। दूरस्थ कार्य और घर से काम करने के दौरान होने वाले अकेलेपन को कैसे रोकें और दूर करें। सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने घर से बाहर काम करें। दिन के दौरान अपने लचीले शेड्यूल का लाभ उठाएं।जब आप अकेलापन महसूस करें तो काम के बाद की योजना बनाएं। कार्यस्थल पर नियमित सामाजिक संपर्क के लिए अपने संगठन में समूह बनाएं या उसमें शामिल हों। अपनी टीम के साथ संवाद करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल और फोन कॉल का उपयोग करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर तानी बंदूक, पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

अमेरिका के फ्लोरिडा में रैपर क्रिसी सेलेस के साथ एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। उनके ऊपर एक कैब ड्राइवर ने बंदूक तान दी। पहले कैब ड्राइवर ने रैपर से अपनी कैब से बाहर निकलने को कहा, जब बहस बढ़ी तो उसने रैपर पर बंदूक तान दी। किसी तरह से रैपर ने अपनी जान बचाई। इस मामले ने सभी को चैंका दिया है। कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। रैपर क्रिसी सेलेस फिलहाल ठीक हैं।



खबर के मुताबिक यह मामला 12 मई का है। बताया जाता है कि उबर कैब ड्राइवर जेनिफर बेनीडेज ने मियामी से दो महिलाओं को अपनी कैब में बिठाया। इसके बाद दोनों को गंतव्य से पहले हॉलीवुड में एक जगह पर उतरने को कहा। सवारियों ने उतरने से मन कर दिया। इस पर कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर बंदूक तान दी।

इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैब ड्राइवर और सवारियों के बीच तीखी बहस हो रही है। कैब ड्राइवर बार-बार सवारियों से कह रही है कि मेरी कार से उतर जाओ। जब वह दोनों उतरने से मना करते हैं तो कैब ड्राइवर उन पर बंदूक तान देती है। रैपर क्रिसी सेलेस किसी तरह अपनी जान बचाती हैं।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू की फिल्म री-रिलीज होते ही भड़के फैंस, थिएटर्स में जमकर हंगामा

महेश बाबू की 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'खलेजा' एक बार फिर चर्चा में है। इस बार वजह है फिल्म का 4के वर्जन जो 30 मई को थिएटर्स में री-रिलीज किया गया। इसके बाद महेश बाबू के कई फैंस काफी नाराज नजर आए। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की साल 2010 में आई फिल्म 'खलेजा' को 30 मई को एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। फैंस अपने फेवरेट एक्टर की फिल्म को फिर से देखने के लिए काफी एक्साइटेड थे लेकिन बहुत जल्दी ही उनकी ये सारी उत्सुकता निराशा में बदल गई। कई वीडियोज सोशल मीडिया पर नजर आए जिनमें महेश बाबू के फैंस थिएटरकर्मियों के ऊपर भड़कते हुए नजर आए। आखिर ऐसा क्यों हुआ, चलिए आपको बताते हैं। दरअसल जैसे ही सिनेमाघरों में महेश बाबू की फिल्म लगी, फैंस ने नोटिस किया कि फिल्म में से कई सीन को हटा दिया गया है। कई सीन को फिल्म से कट कर किया गया जिसे देखकर फैंस काफी निराश हो गए। बस इसी के बाद से फैंस ने थिएटर्स में हंगामा खड़ा कर दिया।



### भोजपुरी

## यश की 'चंद्रकांता' का पोस्टर रिलीज, दावा- भोजपुरी सिनेमा को नई दिशा देगी फिल्म

भोजपुरी सुपरस्टार यश कुमार की नई फिल्म 'चंद्रकांता' के पोस्टर्स रिलीज कर दिए गए हैं, जिन्हें देखकर फैंस के बीच काफी क्रेज है। यश ने ही इसकी कहानी लिखी है और एक्टिंग भी की है। यश कुमार का कहना है कि यह एक नया सिनेमाई एक्सपीरियंस देगी। भोजपुरी सिनेमा के चहेते सुपरस्टार यश कुमार की अपकमिंग फिल्म 'चंद्रकांता' को लेकर भोजपुरी के दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म से जुड़े सभी पोस्टर रिलीज कर दिए गए, जिसके बाद फिल्म सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा द्वारा किया गया है, जबकि निर्देशन रूस्तम अली चिश्ती ने किया है। फिल्म में यश कुमार के साथ सपना चौहान, त्रिशा कर मधु, प्रीति मौर्या, अमित शुक्ला, अनिता रावत, राधे कुमार, शाहिद सैम्स और पूनम राय जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'चंद्रकांता' एक पौराणिक, ऐतिहासिक और सामाजिक मिश्रण की झलक पेश करती है, जो दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव देगी। फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा, ''चंद्रकांता' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि भोजपुरी सिनेमा के लिए एक नई दिशा है। हमने इसकी कहानी, संगीत, लोकेशन और लुक्स को बहुत गंभीरता से गढ़ा है। यह फिल्म दर्शकों को भव्यता, भावनाओं और दमदार डायलॉग्स का संगम देगी।'



'चंद्रकांता' की तकनीकी टीम भी बेहद मजबूत है। कहानी एस. के. चौहान ने लिखी है और स्टोरी खुद भोजपुरी स्टार यश कुमार ने एस. के. चौहान के साथ मिलकर तैयार की है। डायलॉग मनोज गुप्ता ने लिखे हैं और म्यूजिक साजन मिश्रा ने दिया है। वहीं गीतकार धरम हिंदुस्तानी और शेखर मधुर हैं।

भोजपुरी फिल्म 'चंद्रकांता' की कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग की जिम्मेदारी नानू फैशन (विद्या-विष्णु) ने संभाली है, जबकि पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य लोटस स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है। यह मूवी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तकनीकी, भावनात्मक और कलात्मक सभी पहलुओं को मिलाकर एक सशक्त प्रस्तुति देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है। फिल्म के पोस्टर रिलीज होने के साथ ही अब दर्शक इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### मौसम का जादू

### लाइफ स्टाइल



गर्मी अभी गई नहीं है और बारिश पूरी तरह आई नहीं है। ऐसे में हल्के रंगों या हल्के न्यूट्रल रंगों में सांस लेने योग्य कॉटन टी-शर्ट और हल्के रंगों या हल्के रंगों में लिनन या कॉटन शर्ट बेहतरीन विकल्प हैं। यदि आप जींस पसंद करते हैं, तो हल्के रंग के डेनिम चुनें या अपने टखनों को उजागर करने के लिए उन्हें थोड़ा ऊपर रोल करने पर विचार करें।

## चेहरे की चमक को कई गुना बढ़ा देगा ये लाल फेस पैक

बदलते मौसम का असर सेहत के साथ-साथ स्किन पर भी देखने को मिलता है। खासतौर पर अब जब मौसम गर्मी का हो रहा है, और बीच-बीच में बारिश भी हो रही है, तो स्किन काफी डल होने लगती है। डल स्किन का ध्यान यदि सही से न रखा जाए तो चेहरा अजीब दिखने लगता है। इसी के चलते लोग महंगी-महंगी क्रीमों और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, ताकि वो अपनी त्वचा का ध्यान रख पाएं। लेकिन कई बार इन प्रोडक्ट का भी कोई असर देखने को नहीं मिलता है। इसी के चलते हम आज यहां आपको एक ऐसे लाल फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा एकेदम से खिल उठेगा। खास बात तो ये है कि इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने और किसी भी ज्यादा चीजों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### पैक को बनाने का सामान

इस पैक को बनाने के लिए जो सबसे मुख्य सामग्री है वो है चुकंदर। इसके अलावा दही और थोड़ा सा शहद भी इस पैक को सही तरह से बनाने में आपकी मदद करेगा।



### ऐसे करें तैयार

फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले या तो चुकंदर को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें, नहीं तो आप इसे ब्लेंड कर सकते हैं।

यदि आपने इसे ब्लेंड किया है, तो चुकंदर के पेस्ट में थोड़ा सा सही मिक्स करें। दही के साथ-साथ इसमें थोड़ा सा शहद भी डालें, क्योंकि ये आपकी स्किन को मुलायम रखने का काम करेगा। सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें।

### ऐसे करें इस्तेमाल


अब पारी आती है इस पैक को सही से इस्तेमाल करने की तो उसके लिए सबसे पहले तो अपने चेहरे को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। इसके लिए किसी अच्छे क्लींजर का इस्तेमाल करें। जब चेहरा अच्छी तरह से साफ हो जाए तो उसपर चुकंदर के पेस्ट की एक पतली लेयर अप्लाई करें। अब इस पैक को ऐसे ही लगा रहने दें। आधे घंटे के बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धोकर साफ करें। चेहरा साफ करने के बाद उसपर अच्छी क्रीम जरूर अप्लाई करें।

### क्या हैं इसके फायदे

इस पैक को इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा तो ये ही कि ये पैक डेड स्किन को हटाता है, जिससे त्वचा का रंग निखर जाता है। ये आपकी स्किन टोन को एक शेड तक लाइट कर सकता है। इसलिए यदि आप ग्लोइंग त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक का इस्तेमाल करें।

## ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन

इन दिनों गाउन काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। गाउन आपको कई सारे ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती हैं और गाउन स्टाइल करने का सोच रही हैं। तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए गाउन स्टाइल कर सकती हैं। यह गाउन जहां ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है तो साथ ही, इन गाउन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।



### लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन

ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए हम आपको 4 लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन दिखा रहे हैं। इस तरह के गाउन को आप सस्ते कीमत में खरीदकर ट्रेडिशनल लुक पा सकती हैं। वहीं, इन गाउन को आप सगाई, पार्टी साथ ही, कई सारे खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं।

### सेक्विन्स वर्क गाउन

ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह के सेक्विन्स वर्क गाउन का भी चुनाव कर सकती हैं। इस सेक्विन्स वर्क गाउन में आपका लुक रॉयल नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। यह गाउन आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएगा जिसे आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।



### नेट गाउन

न्यू और ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह के नेट वाले गाउन का भी चुनाव कर सकती है और इस नेट गाउन को आप सगाई या किसी खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस गाउन को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको गाउन 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा।



### कट दाना वर्क गाउन

ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह के कट दाना वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का गाउन आप कई सारे कलर ऑप्शन के साथ खरीदकर रिसेप्शन पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं।

## वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करने के हैं नुकसान, आपको भी जानना चाहिए

आंखों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं कई प्रकार के मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन प्रोडक्ट में काजल, आईलाइनर, आईशैडो और मस्कारा शामिल रहता है। बात करें मस्कारा की तो एक अच्छा मस्कारा आईलैशेज यानी कि पलकों को घना दिखने में मदद करता है।

गर्मी के मौसम में ज्यादातर महिलाएं वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करती हैं, ताकि पसीने से ये बहे नहीं। इसके इस्तेमाल से लुक तो अच्छा दिखने लगता है, पर क्या आप जानती हैं कि वाटरप्रूफ मस्कारा आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचाता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, ताकि आप भी वाटरप्रूफ मस्कारा सोच-समझ के ही इस्तेमाल करें।

### पलकों को कर देता है ड्राई

यदि आप रोजाना वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करती हैं, तो ये पलकों को काफी रूखा कर देगा। इसके बाद पलकें अपने आप ही झड़ने लगती हैं, क्योंकि वाटरप्रूफ मस्कारा में मौजूद केमिकल्स पलकों को काफी ज्यादा ड्राई कर देते हैं, जो काफी खतरनाक है।



### साफ करने के लिए लगती है मेहनत

जब भी आप वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करते हैं तो पलकों पर अच्छी तरह से जम जाता है, जिसे आप सिर्फ धोकर तो साफ नहीं कर सकते। इसके लिए आपको मेकअप रिमूवर की जरूरत पड़ेगी। ज्यादा मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल भी आपकी पलकों को कमजोर बना सकता है।

## टैनिंग को चुटकियों में गायब कर सकता है गेहूं का आटा, जानें इस्तेमाल का तरीका

आपने जिद्दी टैनिंग को हटाने के लिए तरह-तरह की महंगी-महंगी क्रीमों और स्क्रब का इस्तेमाल तो किया होगा, पर क्या आपने किसी ऐसी चीज का इस्तेमाल किया है जो हमेशा आपकी रसोई में रहती है। हम बात कर रहे हैं रसोई में रखे गेंहू के आटे की, जिसमें पाए जाने प्राकृतिक एंजाइम्स और एक्सफोलिएटिंग गुण त्वचा पर डेड स्किन को जमने नहीं देते हैं। इसके इस्तेमाल से हाथ-पैरों की टैनिंग पूरी तरह से साफ हो जाती है। खास बात ये है कि इसका इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। तो बस आइए आपको भी बताते हैं इसके इस्तेमाल का सही तरीका और फायदे। गेंहू के आटे से टैनिंग हटाने के लिए 2 बड़े चम्मच गेहूं का आटा, यदि आपकी स्किन ड्राई है तो 1 बड़ा चम्मच दूध, यदि आपकी स्किन ऑयली है तो गुलाब जल, 1 चुटकी हल्दी और 1 छोटा चम्मच नींबू का रस पूरी तरह से वैकल्पिक है, का पेस्ट तैयार करें। जब इसका पेस्ट तैयार हो जाए तो अब बारी आती है इसे अप्लाई करने की। इसके लिए सबसे पहले टैनिंग प्रभावित त्वचा को अच्छी तरह से धो लें। गंदी त्वचा पर पेस्ट लगाने का कुछ फायदा है नहीं। त्वचा को धोने के बाद पेस्ट की एक पतली लेयर टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। 20 मिनट इसे ऐसे ही सूखने दें। जब ये सूख जाए तो हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में तीन बार कर सकते हैं।



### जानें इसके फायदे

इस पैक को इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि इससे टैनिंग छूमंतर हो जाएगी। यदि आप नियमित रूप से इस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो आपकी त्वचा पर जमी डेड स्किन एक्सफोलिएट होकर साफ हो जाएगी। जिस कारण त्वचा की रंगत अपने आप निखरने लगती है। इसी कारण टैनिंग भी धीरे-धीरे पूरी तरह से साफ हो जाती है।

### कार्नर न्यूज

### कलर कॉम्बिनेशन बताता है आपके व्यक्तित्व के राज भी

## स्टाइलिश लुक के लिए कलर कॉम्बिनेशन को जरूर अपनाएं, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

गुड लुकिंग दिखने के लिए कपड़ों का रंग और उनका सही कॉम्बिनेशन बहुत मायने रखता है। सही रंग न केवल आपके व्यक्तित्व को उभारते हैं, बल्कि आपकी आत्म-विश्वास को भी बढ़ाते हैं। रंगों का प्रभाव मानसिकता पर भी होता है और उनका सही चयन आपकी स्थिति और प्रभाव को मजबूत बना सकता है। आइए, हम कुछ ऐसे ही बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन पर विस्तार से चर्चा करते हैं जो पुरुषों के लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बना सकते हैं।

### ब्लैक और व्हाइट

ब्लैक और व्हाइट का कॉम्बिनेशन क्लासिक और टाइमलेस है। यह बहुत ही सिंपल और सॉलिड लुक देता है। ब्लैक शर्ट के साथ व्हाइट पैंट या व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक जींस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह संयोजन आपकी त्वचा के रंग को उभारने में मदद करता है और एक सशक्त, प्रोफेशनल और एलिगेंट लुक देता है। ब्लैक जाकेट के साथ व्हाइट टी-शर्ट या व्हाइट पैंट्स के साथ ब्लैक शर्ट पहनकर एक स्मार्ट लुक मिल सकता है।



### नेवी ब्लू और ग्रे

नेवी ब्लू और ग्रे का संयोजन एक सॉफ्ट और सूक्ष्म तरीके से आकर्षण उत्पन्न करता है। यह संयोजन ऑफिस, पार्टी और कैजुअल दोनों ही अवसरों पर फिट बैठता है। नेवी ब्लू टॉप और ग्रे पैंट्स एक शांत और शार्प लुक देने का काम करते हैं। इसके अलावा यह संयोजन किसी भी त्वचा के रंग पर अच्छा लगता है। नेवी ब्लू ब्लेज़र के साथ ग्रे स्लैक पैंट्स या ग्रे शर्ट के साथ नेवी ब्लू जींस पहन सकते हैं।

### ऑलिव ग्रीन और बेज

ऑलिव ग्रीन और बेज का संयोजन एक नेचुरल और आरामदायक लुक देता है। यह विशेष रूप से आउटडोर या कैजुअल लुक के लिए अच्छा है। ऑलिव ग्रीन जैकेट या शर्ट बेज पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। यह लुक हल्का और शांतिपूर्ण होता है, और ग्रीष्मकालीन आउटफिट के लिए परफेक्ट है। ऑलिव ग्रीन शर्ट के साथ बेज चोकर पैंट्स या बेज जैकेट के साथ ऑलिव ग्रीन पैंट्स पहन सकते हैं।



### बर्गंडी और ब्लैक

बर्गंडी और ब्लैक का संयोजन एक गहरे और आकर्षक लुक को दिखाता है। यह रंग संयोजन विशेष रूप से सर्दियों में बहुत अच्छा दिखता है। बर्गंडी का गहरा रंग ब्लैक के साथ शानदार तरीके से मेल खाता है, और यह आकर्षक लेकिन गंभीर लुक देने का काम करता है। बर्गंडी स्वेटर के साथ ब्लैक जींस या बर्गंडी जैकेट के साथ ब्लैक पैंट्स पहन सकते हैं।

### लाइट ब्लू और व्हाइट

लाइट ब्लू और व्हाइट का संयोजन एक ताजगी से भरा और फ्रेश लुक देता है। यह रंग संयोजन गर्मियों में खासतौर पर अच्छे लगते हैं। लाइट ब्लू शर्ट और व्हाइट पैंट्स एक क्लीन और सॉफ्ट लुक प्रदान करते हैं।